हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

RERA No.: PCGRERA040925001965

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

A Project by:

Swarna Shikhar
3BHK SPLENDID APARTMENTS

घर का सपना सच करें
द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस
आपका इंतजार कर रहा है



ऊंचाई सिर्फ इमारत की नहीं होती
ऊंचाई तो उन सपनों की होती है
जो परिवार के साथ पूरे होते है


स्वर्ण शिखर
साईट एड्रेस
डीएलएस कॉलेज रोड, अशोक नगर,
सरकंडा बिलासपुर











Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

Red. Office: Behind High Court,
Chhatalund Road, Bilaspur (C.G.)

Contact for Site Visit & Booking:
6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

MODERN LIFESTYLE | PRIME LOCATION | TRUSTED DEVELOPER

खबर संक्षेप

जल जन सेवा संकल्प यात्रा का शहर में किया स्वागत



बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के कार्यकाल के पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान पर आयोजित वडनगर से वाराणसी तक जल जन सेवा संकल्प बाइक यात्रा का पुराना बस स्टैंड चौक पर डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाइक यात्रा का मध्य मंडल में निवासरत सम्मानित पदाधिकारीगण, ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागण, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारीगण ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी उपस्थिति देकर भव्य स्वागत कर पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल का 25 वर्ष पूर्ण होने का हर्षोल्लास के साथ भाजपा मध्य मंडल बिलासपुर द्वारा सेवा संकल्प अभियान पर स्वागत किया गया। सभापति विनोद सोनी, पूर्व महापौर किशोर राय, राजेश मिश्रा, आशीष गुप्ता, योगेश बोले, अमित तिवारी, महेश चन्द्रिकापुरे, श्रीकांत सहारे, आनंद तिवारी, राहुल कश्यप, स्वरूप केसरवानी, जगदीश जिग्यासी, संजय केसरवानी, राकेश ठाकुर, गिरीश पांडेय, उमेश पाण्डेय, दुर्गा अहिरवार, भारतीय राव , ममता अहिरवार, सहनाज बेगम, अनिता निषाद ने सहभागिता देकर सफल बनाया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाठक ने किया। इसी तरह यहां भाजयुमो बिलासपुर ग्रामीण जिला द्वारा देवरीखुर्द चौक पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। वडनगर से वाराणसी तक बाइक से यात्रा कर रहे युवाओं के स्वागत के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर 200 से अधिक बाइक सवारों ने बाइक रैली निकालकर यात्रा का अभिनंदन किया। देवरीखुर्द चौक पर पहुंचते ही यात्रा में शामिल युवाओं का जेसीबी मशीन से भव्य पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं ढोल-नगाड़ों, बाजे-गाजे एवं आतिशबाजी के साथ पूरा क्षेत्र उत्सवमय हो उठा।

विवेकानंद केंद्र द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में 'उत्तिष्ठ भारत पोस्टर' का अनावरण



बिलासपुर। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी छत्तीसगढ़ विभाग के अंतर्गत आगामी 'उत्तिष्ठ भारत प्रतियोगिता 2026' के सिलसिले में 1 अक्टूबर को कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं के पंजीयन और मार्गदर्शन के लिए उन्नत शिक्षण संस्थान, बिलासा कन्या डिग्री महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय तथा गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'उत्तिष्ठ भारत पोस्टर' का औपचारिक अनावरण किया गया। कार्यक्रम में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक चक्रवाल व कुलसचिव डॉ. अश्विनी दीक्षित, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया व कुलसचिव डॉ. तारनिश गौतम, बिलासा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कमलेश तथा उन्नत शिक्षण संस्थान की प्राध्यापक मनीषा वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे।
विवेकानंद केंद्र की ओर से विभाग संगठक योगेंद्र, नगर भुनेश्वर पटेल, टिकेश्वर कौशिक, नरेंद्र गुप्ता एवं पवन पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी संस्थानों में प्रतियोगिता की जानकारी दी गई।

भारतीय ज्ञान परंपरा में वृद्ध विमर्श आधुनिकता की मांग



बिलासपुर। पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर सार्थक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया । यह आयोजन डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में हुआ । इस अवसर पर डॉ पाठक ने अपने उद्बोधन में वृद्ध विमर्श पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारतीय ज्ञान परंपरा में वृद्ध विमर्श आधुनिकता की मांग है । इस पर आज चिंतन की आवश्यकता है और वृद्ध जनों की समस्याओं के समाधान के लिए सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है । इस अवसर पर वरिष्ठ कवि सनत तिवारी ने छत्तीसगढ़ी कविता की बेहतरीन प्रस्तुति की। डॉ शत्रुघन जेसवानी ने वृद्ध जन पर केन्द्रित कहानी का पाठ किया। वहीं डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने वृद्ध जन पर केन्द्रित लघुकथा सुनाई तथा डॉ अंकुर शुक्ला ने काव्य पाठ किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेक तिवारी ने किया एवं आभार प्रदर्शन शीतल प्रसाद पाटनवार ने किया ।

चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप, 'आप' ने सौंपा ज्ञापन



बिलासपुर। आम आदमी पार्टी बिलासपुर द्वारा लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। आप नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सत्ताधारी दल के साथ मिलकर देश भर के 30 राज्यों में एसआईआर के नाम पर लगभग 13.47 करोड़ वैध मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश का आरोप लगाया। पार्टी का कहना है कि वर्ष 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी इसी प्रक्रिया के तहत लाखों पात्र मतदाताओं के नाम गैर-कानूनी तरीके से काटे गए थे। प्रदेश सह प्रभारी राकेश जाटव, प्रदेश संगठन मंत्री सरदार जसवीर सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला की मौजूदगी में आप नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। आप कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने और पिछले 2 वर्षों में हुए संदिग्ध चुनावों को रद्द करने की अपील की।

जालसाजों ने बनाया शिकार — 119 पीड़ितों के 26 लाख रुपए बैंक खाते में होल्ड

3 माह में साइबर सेल ने आनलाइन ठगी के शिकार 200 पीड़ितों को 24 लाख रुपए लौटाए

बिलासपुर। साइबर सेल की सक्रियता से ऑनलाइन ठगी के शिकार सैंकड़ों पीड़ितों को बड़ी राहत मिली है। टीम ने महज 3 माह में 200 पीड़ितों को ठगी के 24 लाख रुपए लौटा दिया है। वहीं 119 पीड़ितों की 26 लाख रुपए बैंक खाते में होल्ड हैं। शीघ्र उक्त रकम पीड़ितों को वापस हो जाएगी।

एक तरफ आए दिन लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार होकर अपनी जीवन भर की जमापूंजी खो रहे हैं। जालसालों ने अपना जाल इस तरह से फैलाकर रखा है कि इसमें रिटायर्ड अधिकारी, कर्मचारी, शासकीय कर्मचारी, डाक्टर, प्रोफेसर, कारोबारी जैसे



बुद्धजीवी लोग शिकार होकर जमापूंजी एक झटके में गंवा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ऑनलाइन ठगी के मामले को गंभीरता से लेकर पीड़ितों को राहत पहुंचाने कठिन परिश्रम कर रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर साइबर सेल टीआई गोपाल सतपथी के नेतृत्व में टीम ने अथक प्रयास कर आनलाइन ठगी होने पर तत्काल मनी रेस्टोरेंशन मॉयूडल एमसीएम पोर्टल के माध्यम से ट्रांसफर हुई रकम को होल्ड करा रही है। आलम यह है कि टीम ने महज तीन माह में 370 आनलाइन ठगी के पीड़ितों की ट्रांसफर हुए 50 लाख रुपए विभिन्न बैंक खातों में होल्ड कराया है। टीम के द्वारा अब तक 200 पीड़ितों को 24 लाख रुपए लौटा चुकी है। वहीं 119 पीड़ितों की 26 लाख रुपए बैंक खाते में होल्ड है। शीघ्र उक्त रकम पीड़ितों को वापस हो जाएगी।

50 हजार रुपए वापस करने प्रभारी को पावर

एमआरएम में होल्ड रकम में 50 हजार रुपए तक वापस करने का पावर साइबर सेल टीम को है। पीड़ित साइबर सेल कार्यालय में जाकर फार्म भरता है और नोटिस में टीआई हस्ताक्षर करते हैं तो पीड़ित को होल्ड बैंक खाते से रकम मिल जाएगी। 50 हजार से अधिक रकम के लिए पीड़ितों को कोर्ट के शरण में जाना पड़ता है।

टोल फ्री नम्बर 1930 में शिकायत करें

टीआई श्री सतपथी ने बताया, आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी होने पर पीड़ित तत्काल आनलाइन फ्राड के टोल फ्री नम्बर 1930 में फोन कर अपनी शिकायत कर सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद ट्रांसफर हुए रकम होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

फोन नम्बर 07752, 220191 करें शिकायत

आनलाइन ठगी के शिकार होने पर पीड़ित नजदीकी साइबर सेल कार्यालय या संबंधित थाने में ठगी की शिकायत करें। वहां नहीं जा पाने पर तत्काल साइबर सेल के फोन नम्बर 07752, 220191 में फोन कर शिकायत कर सकते हैं। साइबर सेल के टीम के द्वारा उन्हें पूरी जानकारी दी जाती है। एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज की जाती है। उसके बाद ट्रांसफर हुए रकम होल्ड होने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर चलाया जा रहा

नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

'स्वच्छता की शुरूआत घर से' की थीम के साथ नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता दिवस के एक दिन पूर्व गुरुवार को कार्यालय के सभी शाखाओं और भवनों की सफाई की। 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा और सेवा संकल्प अभियान चल रहा है। इसी तारतम्य में निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने सभी विभाग प्रमुखों, कर्मचारियों और जोन कमिश्नरों को अपने-अपने कार्यालयों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए थे।

- वार्षिक निरीक्षण के लिए निकले बिलासपुर से चांपा तक, की लाइन व अन्य उपकरणों की जांच

इस सफाई अभियान के दौरान भवन की सफाई के साथ-साथ, बरसों से पड़े फाइलों की सफाई और व्यवस्थित संधारण करने के भी निर्देश दिए थे, जिसके बाद आज निगम कर्मचारियों





और विभाग प्रमुखों ने सुबह 7 बजे से ऑफिस पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के तहत दीवार, फर्नीचर, पंखे, कूलर, फ्लोर आलमारी समेत सभी फाइलों की सफाई कर उसे व्यवस्थित संधारित किया गया। इस दौरान कार्यालयों के कमरों, गलियारों, सीढ़ियों, खिड़कियों एवं दीवारों की विशेष सफाई की गई। लंबे समय से जमे धूल-मिट्टी और दीवारों पर लगे जालों को हटाया गया। कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की भी साफ-सफाई कर अनावश्यक एवं अनुपयोगी सामग्री को व्यवस्थित किया गया। सफाई अभियान विकास भवन के सभी शाखा, जोन कार्यालयों और स्मार्ट सिटी में चलाया गया।

नगर निगम द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता को केवल सार्वजनिक स्थानों तक सीमित न रखते हुए कार्यालयों और कार्यस्थलों में भी स्वच्छता एवं सुव्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ कार्य वातावरण तैयार करने के साथ नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रेरित करना है। यह अभियान विकास भवन सहित नगर निगम के विभिन्न कार्यालयों में भी चलाया गया।

चौकसे में साइबर अपराध से बचने किया जागरुक



बिलासपुर। चौकसे कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एनएसएस के आदर्श वाक्य नाट मी बट यू की भावना को केंद्र में रखते हुए किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अंकुर ठकराल, सीए आयुष अग्रवाल अतिथि थे।

- आरएसएस के कार्यक्रम में आईजी, एसएसपी रहे मौजूद

आयोजन के दौरान सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जागरूकता आधारित प्रस्तुतियाँ दी गईं। गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। नुक्कड़ नाटक से सामाजिक जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आईजी श्री गर्ग एवं एसएसपी रजनीश सिंह ने साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से सावधान रहने की सलाह देते हुए फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, ओटीपी, पिन एवं पासवर्ड की सुरक्षा, संदिग्ध कॉल एवं लिंक तथा ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करें। पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और सेवा-भाव के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करता है। प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक, गीत एवं नृत्य जैसी गतिविधियाँ मनोरंजन के साथ-साथ महत्वपूर्ण सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं। रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे ने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज से जोड़ने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने का महत्वपूर्ण मंच है। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. हनुमंत पाल शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ऋतु पटेल ने किया।

हेल्थ रन से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएम श्री सेजस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा में हेल्थ रन का आयोजन किया गया। महापौर पूजा विधानी मुख्य अतिथि थीं। आयोजन के माध्यम से छात्राओं को शारीरिक सक्रियता अपनाने और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। हेल्थ रन में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पढ़ाई के साथ खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों से जुड़ने का महत्व भी बताया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस गतिविधि ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय में हुए आयोजन से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली का संदेश दिया गया।

एसईसीएल ने दिया स्वच्छता का संदेश



स्वच्छता ही सेवा एवं स्पेशल कैंपेन 6' के अंतर्गत एसईसीएल द्वारा वसंत विहार कॉलोनी के शिव मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में एसईसीएल परिवार के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से शिव मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा कचरे एवं अन्य अपशिष्ट को एकत्र कर उचित तरीके से निस्तारित किया गया। अभियान के दौरान सभी ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। एक घंटे की इस सामूहिक पहल के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता की भावना को मजबूत किया गया। एसईसीएल की यह पहल सस्वस्थ परिवेश के निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है।

प्रो. रावानी ने सीएमडी कॉलेज के शिक्षकों से किया संवाद



बिलासपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), रायपुर के पूर्व निदेशक प्रो. ए. एम. रावानी ने गुरुवार को सीएमडुबे पीजी कॉलेज का भ्रमण किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अमन दुबे एवं प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने उनका स्वागत किया। प्रो. रावानी ने परिसर का अवलोकन किया और महाविद्यालय की दीर्घ शैक्षणिक परंपरा से परिचित होकर प्रसन्नता व्यक्त की। शिक्षकों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने अपने शिक्षण, शोध और शैक्षणिक नेतृत्व के अनुभव साझा किए। चर्चा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर रहा। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक संवाद में भाग लिया और विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार ने प्रो. रावानी के आगमन और उपयोगी संवाद के लिए आभार व्यक्त किया।

रेल महाप्रबंधक ने स्टेशन पर लगाया झाड़ू

बिलासपुर। वार्षिक निरीक्षण में जोन के महाप्रबंधक बिलासपुर डिवीजन और जोन के अधिकारियों के साथ बिलासपुर से चांपा तक लाइन व अन्य उपकरणों की जांच करने के साथ आवश्यक निर्देश दिया। वहीं एक दिन, एक घंटा, एक साथ एक थीम पर उन्होंने चांपा स्टेशन पहुंचकर झाड़ू लगाकर सफाई की, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उनका सहयोग किया। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित सभी स्टेशनों पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से शुरु किया गया है, जिसका अंतिम दिन 2 अक्टूबर शुक्रवार को है। स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत विकसित भारत की थीम पर यह आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को एक दिन, एक घंटा, एक साथ, एक थीम पर राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्कूल-कॉलेजों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम आज

बिलासपुर। मादक पदार्थों पर नियंत्रण और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 2 अक्टूबर को युवाओं को खेलों एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर के अनुमोदन से समाज कल्याण विभाग ने संबंधित विभागों के सहयोग से निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए हैं। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के वर्ष 2026-2029 के दृष्टिकोण के अनुरूप मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के विभागों तथा संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा का मामला

एक्सरे बंद, ब्लड सैंपल की सुविधा नहीं, स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों का इलाज के बदले बदहाली नसीब हो रही है, दो माह से एक्स रे मशीन बंद पड़ी है, ब्लड बैंक में खून जांच की मशीन पर इलेक्ट्रिसिटी की समस्या के कारण ठप है और 7 में से 4 डाक्टर ही ड्यूटी दे रहे है। इसकी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी है, इस बात को लेकर जनप्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया और बदहाली की तस्वीर सामने आ गई।

मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगीरोड-कोटा की व्यवस्थाओं को लेकर लंबे समय से शिकायतों मिलने के बाद गुरुवार



गंभीरता से सुनी शिकायतें

कोटा के वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद वेंकट लाल अग्रवाल के साथ अन्य दलों के जनप्रतिनिधि भी इस दौरान मौजूद रहे। अस्पताल की बदहाली की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की गई है। नेताओं ने बीएमओ और सीएमएचओ पर गंभीर आरोप भी लगाए है। स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान पार्षद जब्बार खान, उत्तम प्रजापति, अनिल साहू, देवेंद्र कौशिक, पार्वती योगेंद्र साहू तथा एल्डरमैन नंदलाल छत्री , कांग्रेस नेता प्रकाश जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

स्थानीय पार्षदों ने संयुक्त तौर पर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उनके पहुंचते ही अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। जहां एक्स-रे मशीन के बंद मिला और मरीजों को निजी अस्पतालों में जाने के लिए मजबूरी दिखाई दी। वहीं ब्लड बैंक में खून जांच जैसी मौलिक जांच भी अस्पताल में बंद है। दरअसल मशीन में अर्थिंग कनेक्शन करीब दो वर्षों से खराब है, जिससे मशीन को बंद कर दिया गया है। आपरेशन थिएटर सीपेज के चलते शुरू नहीं हो सका है जिसके चलते प्रसव पीड़ित से तड़पती महिलाओं को रतनपुर और जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। ऐसे में यह अस्पताल असुविधाओं के साथ चल रहा है।

रजिस्टर में 7, मौके पर 4 डाक्टर

जनप्रतिनिधियों ने देखा कि डॉक्टरों की उपस्थिति रजिस्टर में बड़ा झोल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7डॉक्टर पदस्थ हैं, लेकिन रोजाना 3 डॉक्टरों ही ड्यूटी पर पहुंच रहे है। गुरूवार को 4 डॉक्टर ही मिले। खास बात यह है कि जिन बीएमओ डॉ निखलेश गुप्ता पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की जिम्मेदारी दी गई है, वह स्वयं अस्पताल में मौजूद नहीं थे।

डाक्टरों की कमी है

डाक्टरों की कमी है ऐसे में कई बार ड्यूटी रतनपुर और अन्य जगहों पर लगाई जाती है। वहां 5डाक्टर की ड्यूटी रहती नियमित रहती है। जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्या दूर की जाएगी।
-डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

तालाब में मगरमच्छ मिलने से ग्रामीण दहशत में

बिलासपुर। एक ओर बेलगहना क्षेत्र में टाइगर ने ग्रामीणों को भयभीत कर रखा है। वहीं बिलासपुर वन मंडल के कोटा परिक्षेत्र के खोंगसरा क्षेत्र के एक तालाब में बड़ा मगरमच्छ पहुंच गया है, जिसकी वजह से गांव वाले दहशत में आ गए हैं। विभाग के अनुसार खोंगसरा के तालाब का पानी ग्रामीण प्रतिदिन के दिनचर्या में उपयोग करते हैं। पिछले एक दो दिन से तालाब में मगरमच्छ ने अपना डेरा जमा रखा है, जो बाहर निकलकर लोगों पर हमला करने की कोशिश कर रहा है। मगरमच्छ के कारण गांव के निवासी भी डरे हुए हैं, जिसकी वजह से ग्रामीणों ने मगरमच्छ का रेस्क्यू करने मांग की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कोटा परिक्षेत्र के एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि ग्रामीणों ने मगरमच्छ के रेस्क्यू की मांग की है, लेकिन रेस्क्यू के लिए मगरमच्छ का बाहर आना जरूरी है। इसके लिए विभागीय टीम को तालाब के आसपास लगा दिया गया है। वहीं ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि वे तालाब के आसपास न जाएं और न ही मगरमच्छ के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ करें।

तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



रेलवे अस्पताल के पास पेड़ से टकराई कार दुर्घटनाग्रस्त।

खबर संक्षेप

ग्रामसभा में तय होगी गांव के विकास की दिशा आज से

बिलासपुर। गांव में कौन से विकास कार्य जरूरी हैं और किन जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए, यह ग्रामीण ग्रामसभा में तय करेंगे। जिले की 486 ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर से आयोजित होने वाली ग्रामसभाओं के माध्यम से विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी। वीबी-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीणों के सुझावों, स्थानीय संसाधनों और क्षेत्र की आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों का खाका तैयार किया जाएगा।

कोनी में आज से 4 तक निःशुल्क स्पाइन सर्जरी

बिलासपुर। शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोनी में स्पाइन फाउंडेशन ऑफ इंडिया मुंबई के सहयोग से 2 से 4 अक्टूबर तक निःशुल्क स्पाइन सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रदेश के स्पाइन रोग से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को विशेष उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

एएसआई सहित 4 पुलिसकर्मियों का तबादला

बिलासपुर। एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से एएसआई राजेशधर दीवान का कोनी से सकरी, प्रधान आरक्षक सिद्धार्थ पाण्डेय का पुलिस लाइन से सकरी, शंकरदास महंत का पुलिस लाइन से सिटी कोतवाली, प्रियादास का मस्तूरी थाना संसोधित कर यथावत एयरपोर्ट सुरक्षा में तबादला किया गया है।



कलेक्टोरेट पहुंचकर शिकायत करतीं स्कूल की छात्राएं।

मल्हार की छात्राओं ने किया प्रदर्शन | **कलेक्टोरेट में घंटों खड़ी रहीं छात्राएं**

छात्राओं ने कहा- सेनेटरी पेड के लिए शिक्षक मांगते हैं पांच रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईस्कूल मल्हार की छात्राओं ने गुरूवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया। छात्राओं ने प्रिंसिपल पर न केवल गाली-गलौज व बदसलूकी से बातचीत करने का आरोप लगाया, बल्कि शिक्षकों के द्वारा सेनेटरी पैड के बदले पांच रूपए मांगने की बात भी कही। डीईओ ने इस पूरे मामले की जांच के लिए प्राचार्यों की तीन सदस्यीय टीम गठित करने की बात कही है।

हाईस्कूल मल्हार में पढ़ने वाली छात्राओं ने गुरूवार को बड़ी सख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। छात्राओं का आरोप है कि स्कूल में प्राचार्य वेद प्रकाश शुक्ला के द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए बातचीत की जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि छात्राओं ने अन्य स्कूलों की तुलना में उनसे अधिक फीस जमा कराने का भी आरोप लगाया है, जिसके बारे में पूछने पर शाला विकास का हवाला दिया गया है। छात्राओं ने शिक्षकाओं के द्वारा कक्षा के दौरान बैठकर फोन पर लगातार बातचीत करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं, बल्कि छात्राओं के उपयोग के लिए स्कूल में उपलब्ध सेनेटरी पैड मांगने पर पहले पांच रूपए जमा कराने को कहा जाता है। पांच रूपए जमा नहीं करने की स्थिति में अपने घर से सेनेटरी पैड की पहले से व्यवस्था करके अपने स्कूल बैग में रखने की बात कही जाती है।

छात्राओं ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाशिक्षा विभाग ने इस पूरे मामले की जानकारी होने एवं सूक्ष्म जांच कराने के लिए तीन प्राचार्यों की संयुक्त टीम गठित करने की बात कही है।

जांच की जाएगी

इस मामले की जानकारी मिली है। इस संबंध में जांच के लिए तीन प्राचार्यों की टीम बनाई गई है, जिसमें दो महिला एवं एक पुरूष प्राचार्य शामिल हैं। मैं खुद भी 5 अक्टूबर को स्कूल जाकर मामले की जांच करूंगा।

-संदीप पाण्डेय, जिला शिक्षाधिकारी

कॉलोनी का ट्रांसफार्मर फेल, परेशान लोगों ने घेरा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा क्षेत्र के श्रीराम पार्क कॉलोनी का ट्रांसफार्मर खराब होने और लगातार हो रही अघोषित बिजली बंद से गुस्साए निवासियों ने बिजली कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान ईई को ज्ञापन सौंप कर समस्या गिनाई और तत्काल सुधार की मांग की गई।

बिजली की समस्या के चलते आम लोगों का हाल बेहाल हो रहा है, लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसा ही मामला तिफरा के श्रीराम पार्क कालोनी में पिछले 4 दिनों से जारी है। वार्ड पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू के नेतृत्व में विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता कार्यालय का लोगों ने घेराव कर दिया। लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर फेल होने के कारण पूरी कॉलोनी में बिजली संकट है, जिससे पेयजल आपूर्ति, बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों का स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। शिकायत करने के बावजूद बिजली कर्मचारी व्यवस्था नहीं सुधार पा रहे हैं।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधि मंडल।

नहीं सुनते कर्मचारी

वार्ड पार्षद श्रीमती गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू ने बताया कि विभाग की लचर व्यवस्था लोगों का जीना मुहाल कर चुकी है। जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर नहीं होने पर सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली कर्मचारी कालोनी में झांकने तक नहीं आते हैं।

मेंटनेंस के नाम पर बिजली होगी आज से बंद

बिलासपुर। नवरात्र और दिवाली की तैयारी को लेकर बिजली विभाग ने लाइनों और उपकरणों के मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है। इसके तहत शहर के अलग-अलग जोन में 2 से 6 अक्टूबर तक बिजली सप्लाई बंद रखकर मेंटेनेंस किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। शेड्यूल मेंटनेंस के तहत 2 अक्टूब को तोरवा जोन, महावीर सिटी, शिवम सिटी पुराना बस्ती, मोपका चौक, पंचायत भवन, ग्लोरियस सिटी, श्यामा विहार, चिल्हाटी मोड़, पैराडाइज सिटी, रॉयल टाउन, मां शारदा विहार, बालाजी ग्रीन होम, होटल टेम्पटेशन, अनंता होम्स, विवेकानंद नगर, गुलाब नगर, शिवम आर्चिड, अमोला विला और स्वर्ण रेसिडेंसी और 3 अक्टूबर को कल्याण बाग फेस-1, राजकिशोर नगर, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, शीला पार्क, केसर आवास, प्राइमरी स्कूल, अंबे रेसिडेंसी, अंबे होम्स, दिव्या माउंट, एफसीआई गोदाम, माखन लाल चतुर्वेदी नगर, शक्ति चौक, सुभाष कॉलोनी, पंचवटी कॉलोनी, बिलासा डेयरी, कुटीपारा और रामकृष्ण नगर फेस-3। इसके अलावा नेहरु नगर जोन में 3 अक्टूबर को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, राजेन्द्र नगर सहित अन्य जगहों पर मेंटनेंस चलेगा। वहीं 4 अक्टूबर से इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-बी, परसदा आवास तथा पत्रिका फीडर और ओवर ब्रिज इंडस्ट्रियल फीडर से जुड़े सभी क्षेत्र, 5 अक्टूबर को मधुबन रोड, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, लक्ष्मी टॉकीज, दयालबंद, कतियापारा, भूतवारी ट्रांसफार्मर, नारियल कोठी, मधुबन और जंगल चौक,6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज, सूर्य विहार, बालाजी पुरम, राधिका विहार फेस-1, 2 और 3, बसंत विहार चौक तथा सीपत रोड में बिजली बंद रहेगी।





खबर संक्षेप

भड़हा में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण संपन्न



मस्तूरी। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं तकनीकी परिषद रायपुर तथा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास खंड के ग्राम भड़हा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षण प्रदान करता के रूप में डॉ चेतना जांगड़े पादप रोग विज्ञान कृषि महाविद्यालय कोरबा रही जिन्होंने कृषकों को बीज एवं मृदा से उत्पन्न होने वाले रोगों के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी तथा बीज परीक्षण करने के तकनीकी उपाय भी बताए गए। डॉ आशीष केरकेट्टा के द्वारा वर्तमान कृषि में नवाचार के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई। ए के आहिरे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में आयोजन करता एवं परियोजना प्रभारी डॉ रोशन भारद्वाज के द्वारा धान के फसल एवं लघु धन्य के विपणन संबंधी जानकारी प्रदान की गई है। इस अवसर पर ग्राम भड़हा रैल्हा, मानिकचौरी , जैतपुरी, आमगांव, धुर्वाकारी, पचपेड़ी सहित अन्य गांव के कृषक एवं दीदी उपस्थित रहे।

मुंबई से धनुहारपारा स्कूल पहुंचा टॉय बैंक



सीपत। बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने और शिक्षा को अधिक आनंदमय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अंत्योदय फाउंडेशन के फाउंडर महेंद्र मेहता द्वारा शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला धनुहारपारा कुकदा को निःशुल्क स्मार्ट टॉय बैंक प्रदान किया गया। मुंबई से सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में स्थित विद्यालय तक टॉय बैंक की शैक्षणिक सामग्री पहुचने से बच्चों में विशेष उत्साह का माहौल है। अब बच्चे विभिन्न शैक्षणिक खिलौनों एवं गतिविधियों के माध्यम से खेलते खेलते, स्वयं करके और अनुभव के आधार पर विभिन्न विषयों की अवधारणाओं को आसानी से समझ सकेंगे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप खेल आधारित, गतिविधि आधारित एवं अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। टॉय बैंक की सामग्री के माध्यम से बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान क्षमता और सीखने के प्रति रुचि विकसित करने में सहायता मिलेगी। विद्यालय के प्रधानपाठक बसंत कुमार जायसवाल , शिक्षक चरण दास महंत एवं शिक्षिका चंद्रिका मिरी ने अंत्योदय फाउंडेशन एवं महेंद्र मेहता के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन सम्मानित, पोषण पर जोर

बोदरी। केसला के आंगनबाड़ी केंद्रों 15 एवं 14 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता,सहायिका,मितानिन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे माताओ की भी सहभागिता रही जिन्हे पोषण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौधरोपण बच्चों के लिए खेल-कूद की गतिविधियाँ,मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, एनीमिया की रोकथाम, और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास की निगरानी, रंगोली सजाना,बच्चों के लिए कहानी, खेल, चित्रकारी, रंग भरने जैसी रुचिकर गतिविधियों के माध्यम से समुदाय के साथ प्रारंभिक संवाद किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों मंडल उपाध्यक्ष विश्वशम मानिकपुरी मंडल मंत्री धनेश्वरी डहरिया पार्षद विमला मानिकपुरी मिलन बाई साहू राजेन्द्र डहरिया अगरदास मानिकपुरी ने भी कार्यक्रम मे हिस्सा लिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चला स्वच्छता अभियान



मस्तूरी। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छ भारत मिशन योजना स्वच्छता ही सेवा' अभियान अंतर्गत गुरुवार को अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर सहित मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर आसपास के स्थान को सफाई किया गया। बीएमओ अनिल कुमार ने स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता को अपनाने का आव्हान करते हुए लोगों से अपील किया है कि अपने घर द्वार से लेकर गांव के गली मोहल्ला, निस्तारी स्थान को साफ सुथरा रखें। इस अवसर पर डॉक्टर भूपेंद्र देवांगन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

अंतिम यात्रा के रास्ते पर बना दी गई है दीवार

फिर गरमाया मुक्तिधाम मार्ग का विवाद, सड़क पर उतरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

करीब 100 साल से ग्रामीण उक्त रास्ते से ही श्मशानघाट आना- जाना कर रहे

जनपद पंचायत तखतपुर के तहत ग्राम पंचायत डोमनपुर में शमशान घाट जाने के रास्ते को लेकर चल रहा विवाद उस समय फिर गरमा गया, जब गुरुवार को गांव के एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। अंतिम संस्कार के लिए शव को शमशान घाट ले जाने की बारी आई तो ग्रामीणों के सामने एक बार फिर शमशान घाट जाने वाले रास्ते पर बनाई गई बाउंड्रीवॉल आड़े आ गई। इससे ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और वे अंतिम संस्कार के लिए रास्ता खोलने की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए।

ग्रामीणों का कहना था कि शमशान घाट तक पहुंचने का यही एक मात्र रास्ता है लेकिन इस रास्ते पर ग्राम के भोजराम चंद्राकर के द्वारा अपना निजी जमीन बताकर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कर दिए जाने से शव को शमशान घाट तक ले जाना मुश्किल हो गया है। जबकि करीब 100 साल से ग्रामीण उक्त रास्ते से ही श्मशानघाट आना जाना करते चले आ रहे थे और पंचायत द्वारा उक्त रास्ते पर मिट्टी मुरूम रोड भी सरकारी पैसे से बनाया था। परंतु चुनाव के बाद कुछ रंजिश को लेकर भोजराम ने रास्ते पर बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी। तब से गांव में मुक्ति धाम जाने का रास्ता बंद हो गया था। इससे पहले भी ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर विरोध जताया था और प्रशासन को मामले की जानकारी दी गई थी। परंतु शांति पूर्वक किए गए प्रशान से गुहार को कोई नहीं सुना। ग्रामीणों के सड़क पर उतरने और विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, तखतपुर तथा जूना पारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों से चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने शमशान घाट तक तत्काल रास्ता उपलब्ध कराने की मांग रखी। काफी समझाइश और चर्चा के बाद शमशान घाट जाने वाले मार्ग पर निर्मित बाउंड्रीवॉल को तुड़वाया गया। इसके बाद शमशान घाट तक जाने का रास्ता साफ किया गया और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया आगे बढ़ सकी।



बनी हुई है विवाद की स्थिति

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या आज की नहीं है। श्मशान घाट तक पहुंचने वाले पुराने रास्ते को लेकर साल भर से विवाद की स्थिति बनी हुई है। इससे पहले भी एक पूर्व सरपंच के निधन के बाद अंतिम संस्कार के समय ग्रामीणों को अपने खेत में शव जलाना पड़ा था। उस समय भी ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अब एक बार फिर वृद्ध की मृत्यु के बाद वही स्थिति सामने आने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए रास्ते को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होना बेहद गंभीर मामला है।

अब नहीं होगी परेशानी

आपसी रजामंदी के बाद रास्ते में बनाई गई बाउंड्रीवॉल को तुड़वाकर श्मशान घाट जाने वाला मार्ग क्लियर करा दिया गया है। अब ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

शशांक शेखर शुक्ला,
तहसीलदार तखतपुर।

स्थायी समाधान की मांग

बाउंड्रीवॉल हटाकर तत्काल रास्ता तो साफ कर दिया गया लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है। उनका कहना है कि शमशान घाट तक जाने वाले मार्ग को स्पष्ट रूप से चिन्हित कर उसे सार्वजनिक रास्ते के रूप में सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी की मृत्यु होने पर परिजनों और ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए रास्ते को लेकर संघर्ष न करना पड़े।

सियान सदन में सम्मान समारोह आज

मुंगेली। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सियान सदन रामगढ़ में सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष नीति आयोग छ.ग. शासन जीएस मिश्रा करेंगे। उक्ताशय की जानकारी राजेन्द्र दिवाकर ने दी।

सड़क निर्माण कार्य के लिए 55 करोड़ की स्वीकृति

मस्तूरी। विधानसभा क्षेत्र में स्थित गांव कस्बों के विकास को लेकर विधायक दिलीप लहरिया के लगातार प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मल्हार-चिल्हाटी मार्ग व्हाया धनगवां, ओखर, गिधपुरी, बहतरा, भटचौरा, चिल्हाटी के 25 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 55 करोड़ 43 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के गांवों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रस्तावों को बजट में शामिल कराने से लेकर उनकी प्रशासकीय स्वीकृति तक लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मल्हार-चिल्हाटी मार्ग की स्वीकृति क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

रईस अनीस की सूफियाना कव्वाली से सजी महफिल

कुल की फातेहा के साथ 68वें उर्स-ए-पाक का होगा समापन



सीपत। हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाहि अलैह के 68वें सालाना उर्स-ए-पाक में लुतरा शरीफ की दरगाह पर देशभर से जायरीनों की आमद जारी है। सोमवार को पारंपरिक परचम कुशाई के साथ शुरू हुए उर्स में छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग अलग राज्यों से अकीदतमंद पहुंच रहे हैं। जायरीन बाबा की बारगाह में हाजिरी देकर चादर व फूल पेश कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांग रहे हैं। कांग्रेस नेता राजेंद्र चावला ने बुधवार को लुतरा शरीफ पहुंचकर दरगाह में चादर चढ़ाई और प्रदेशवासियों के लिए अमन चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं बुधवार को आयोजित कव्वाली की महफिल में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों ने भी दरगाह में अकीदत पेश की। उर्स के तहत कल गुरुवार रात देश के मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी अपनी सूफियाना कव्वाली से समां बांधी। इससे पहले 30 सितंबर को मशहूर कव्वाल मुस्तफा अजीज नाजा ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कव्वाली को लेकर अकीदतमंदों में खासा उत्साह है। 68वें सालाना उर्स-ए-पाक का समापन कुल की फातेहा के साथ होगा। अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में जायरीनों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए दरगाह इंतेजामिया कमेटी और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। उर्स को सफल बनाने में इकबाल हक, फैजान अहमद शिबू, जावेद रब्बानी, एजाज भाई, मुशर्रफ खान, वहाब खान, अनवारुल हक, करीम भाई, शाहनवाज, अब्दुल गफ्फार, नजीर अहमद, सज्जाद सिद्दीकी, कुद्दूस भाई सहित कमेटी के सदस्य जुटे हुए हैं।

खरगहना स्कूल में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

बिलासपुर। शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरगहना में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण सहायक प्राध्यापक डॉ. रजनी यादव एवं व्याख्याता आईएएसई डॉ. वंदना रोहिल्ला ने किया। विद्यालय की प्राचार्य मंजू एक्का एवं विद्यालय परिवार ने आईएएसई के प्राध्यापकों एवं छात्र-अध्यापकों का स्वागत किया। प्राचार्य श्रीमती एक्का ने कहा कि सही समय पर प्राप्त कैरियर मार्गदर्शन विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप भविष्य की



दिशा निर्धारित करने में सहायता करता है। इस मौके पर प्रतियोगी परीक्षाओं पर नाट्य मंचन कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण एवं नियमित अध्ययन के प्रति जागरूकता हेतु नाट्य मंचन किया गया। जीव विज्ञान में पूनम साव, कल्पना क्षत्रिय, वियोगी कश्यप, सूर्यप्रकाश आहेर,डिगेश्वरी, प्रसन्न जोशी, प्रीति केसरी, सविता पाठक, आस्था पांडे, रश्मि कश्यप, स्वाति केसरवानी, दीपमाला यादव, सूरज टेंगवार, अरविंद, उत्तम तिवारी, भोजराम एवं सिंधुजा ने मार्गदर्शन दिया। गणित में रितेश कश्यप, आकांक्षा गुप्ता, खुशबू साहू, रामेश्वरी खाण्डेश्वरी, लक्ष्मीकांत साहू, अरुण देवांगन, राधे श्याम सोनी ने जानकारी दी।

स्वस्थ एवं सुपोषित बचपन ही मजबूत भविष्य की नींवः साव

आंगन मिलन उत्सव में शामिल हुए डिप्टी सीएम

लोरमी। स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित आंगन मिलन उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने नन्हें बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर खेला और उनके साथ घुल-मिलकर स्नेह-दुलार से बातें की। बच्चों के साथ बिताए इन पलों में श्री साव का सहज और आत्मीय अंदाज नजर आया। उन्होंने बच्चों को मिठाई और खिलौने भी दिए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में अन्नप्राशन एवं गोदभराई की रस्म संपन्न हुई। आंगनबाड़ी परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सुपोषण चौपाल में बच्चों और माताओं के पोषण से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। श्री साव ने कहा कि स्वस्थ और सुपोषित बचपन ही मजबूत भविष्य की नींव है। बच्चों के बेहतर पोषण के लिए सरकार के प्रयासों के साथ परिवार और समाज की भागीदारी भी जरूरी है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, अनिता साहू, रत्ना काटले, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, दिनेश साहू, रामेश्वर बंजारे, रवि शर्मा, प्रदीप मिश्रा, अध्यक्ष अंजना देवी, महाजन जायसवाल, विश्वास दूबे, सुशील यादव, राजेन्द्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराम ठाकुर, संतोष साहू, संदीप सोनी, सावित्री राजपूत, माधव तिवारी, हीरा सिंह ठाकुर, जीवन साहू, जवाहर दिवाकर, अर्जुन राजपूत, धनेन्द्र राजपूत, राजेन्द्र सलूजा, घनश्याम खत्री, वीरेन्द्र गुप्ता, विश्वनाथ साहू, विष्णुदत्त पटेल, केशव तिवारी, अभिषेक पाठक, मूलचन्द्र डाहिरे, बीईओ एमएल पटेल, प्रीति तिवारी, प्रदीप उपाध्याय, लेखराम साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले, पार्षद गण, सरपंच एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



ईश्वर की हर लीला में प्रेम, करुणा और लोकहित का भाव

सकरी। मनुष्य को जीवन की नश्वरता का बोध रखते हुए अपने कर्मों को सदैव धर्म के अनुरूप रखते हुए अपने कर्मों को सदैव धर्म के अनुरूप करना चाहिए जिस प्रकार राजा परीक्षित ने जीवन के अंतिम सात दिन में श्रीमद भागवत महापुराण का श्रवण कर परम ज्ञान प्राप्त किया उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्संग,सद्विचार और प्रभु स्मरण को स्थान देना चाहिए उक्त प्रवचन ग्राम सैदा में श्रीमती सीता बाई दुबे एवं श्रीमती प्रेमलता दुबे की स्मृति में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महापुराण के व्यासपीठ से आचार्य मुकेश कुमार तिवारी गिरधौना वाले



ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताई उन्होंने कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला में प्रेम,करुणा और लोककल्याण का भाव निहित है गोवर्धन लीला हमें प्रकृति के संरक्षण और अहंकार के त्याग की प्रेरणा देती है ,वही श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निःस्वार्थ प्रेम,समर्पण और सच्ची मित्रता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करती है। भक्ति का वास्तविक अर्थ केवल पूजा पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि अपने आचरण में विनम्रता,वाणी में मधुरता और व्यवहार में परोपकार को अपनाना ही सच्ची भक्ति है जिस हृदय में प्रेम,दया और सेवा का भाव जागृत हो जाता है वही ईश्वर वही ईश्वर का वास्तविक निवास होता है। कथा में प्रमुख यजमान राजेश कुमार दुबे - श्रीमती गिरजानंदनी दुबे है। कथा श्रवण करने छोटेलाल दुबे,शैलेन्द्र कुमार दुबे,अनिल दुबे,सुनील दुबे,सत्यम दुबे,शिवम दुबे, अर्नीश दुबे सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

गौरव पथ बेल्हा-सोडाडीह मार्ग से जोड़ने की मांग

पचपेड़ी। ग्राम पंचायत सलौनी के आश्रित ग्राम बेल्हा के ग्रामीणों ने गांव में बन रही सुकुलकारी से बेल्हा में सड़क के शेष लगभग 600 मीटर हिस्से को गौरव पथ बेल्हा से सोडाडीह मार्ग तक जोड़ने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए सड़क निर्माण को आगे बढ़ाने की मांग की है।

पाली में श्रमदान, हुए विभिन्न कार्यक्रम



मस्तूरी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली में गुरुवार को श्रमदान, रंगोली प्रतियोगिता, पौधरोपण, नुक्कड़ नाटक, नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी की जयंती पूर्व गुरुवार को ग्राम पाली में विकास खंड स्तरीय स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत भावंर गणेश मंदिर परिसर सहित गांव के गली मोहल्लों एवं मुख्य मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा स्वच्छता को लेकर उपस्थित लोगों को शपथ ग्रहण दिलाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में ही रंगोली प्रतियोगिता, पौधरोपण, नुक्कड़ नाटक नित्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोगों को सातंवाना पुरस्कार साथ ही ग्राम पंचायत के स्वच्छ ग्राहियों को साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जे आर भगत, जिला पंचायत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) जिला समन्वयक, अतिरिक्त सीईओ मिथिलेश देवांगन, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी बी एल कुर्रे, पूर्व जनपद सदस्य संतोष पटेल, सरपंच रूपा अशोक पटेल, सचिव ठाकुर योगेश सिंह, रामकुमार जगत एवं जनपद के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छाग्राही सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर
जिला बिलासपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः-जिला **बिलासपुर** तहसील-**बिलासपुर** प.ह.नं.-00029 मोपका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526400107300644

ईश्तहार

तहसील **बिलासपुर** के प.ह.नं. 00029 के अंतर्गत ग्राम मोपका के वर्तमान भूमिस्वामी **गिरीश मौर्य पिता/पति-दुर्गा प्रसाद मौर्य पता-सा आर के नगर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 513/19(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **नंदनी सोनी पिता/पति-मोहन कुमार सोनी पता-बलौदा बाज़ार** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **23/10/2026** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय **तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार: प्रकाश चंद साहू
तहसील - बिलासपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम तिफरा प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. बिलासपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 254/10 कुल रकबा 2480 वर्गफुट भूमि जिस पर भूमि स्वामी बतौर अनिल कुमार खटकर पिता स्व. अवध राम खटकर निवासी कोरबा (छ.ग.) के नाम पर दर्ज है, जिसे मेरे पक्षकार फरीदा खान पति मोहम्मद अली निवासिनी नारियल कोठी, दयालबंद बिलासपुर के द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि भी दिया जा चुका है, तथा निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित होना तय है, जिस पर किसी व्यक्ति संस्था, निकाय को कोई आपत्ति दावा हो तो मय वैध दस्तावेज के मेरे कार्यालय में 7 दिवस के समय अवधि में प्रस्तुत करे, अन्यथा समय अवधि के पश्चात दावा आपत्ति शून्य व नाजायज माना जायेगा।

सो सूचित होवे।

दिनांक: 01.10.2026

भवदीय
सुनील गुप्ता (अधिवक्ता)
उदई चौक, जूना बिलासपुर
मो.नं. 98271-89203,
93999-07882
91741-17742

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 01/10/2026

मौजा जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूनाबिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 489/6 रकबा 0.0060 हे. भूमि का आवेदक राजू पटेल पिता स्व. श्यामजी भाई पटेल निवासी नर्मदा नगर नेहरू नगर रोड बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा बी-1 सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22/10/2020 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 01/10/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 01/10/2026

मौजा जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूनाबिलासपुर प.ह.नं.36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 489/3 रकबा 0.0060 हे. भूमि का आवेदक राजू पटेल पिता स्व.श्यामजी भाई पटेल निवासी नर्मदा नगर नेहरू नगर रोड बिलासपुर तह0 व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा बी-1 सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22/10/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 01/10/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र (नाबालि पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं चैतराम साहू (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/पत्नी रामझूल साहू, निवासी भाटापारा मीडिल विद्यालय के पास मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूं और निम्नानुसार घोषित करता हूं

1. मैं भाटापारा मीडिल विद्यालय के पास मोपका बिलासपुर छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी हूं।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्र का नाम आदित्य कुमार साहू (ADITYA KUMAR SAHU) से नाम बलदकर आदित्य साहू (AADITYA SAHU) करवाना चाहता हूं।
3. मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरे पत्नि श्रीमती गनेश्वरी साहू को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता-चैतराम

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्र./क/अ/तह./रा.नि./सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 29/09/2026

प्रति, 1. शंकर लाल पटेल 2. राजेश अग्रवाल 3. कन्नू भाई पटेल 4. अजीत भोगल 5.सहायक मंडल अभियंता मध्य रेल्वे बिलासपुर 6. चरनजीत कौर पति कृपाल सिंह 7. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषयः- सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक /क/ अति.तह./रीडर/2026 बिलासपुर, दिनांक 23.09.26

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक शंकर लाल पटेल पि. कांति भाई पटेल निवासी मंगला बिलासपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 1584/2 रकबा 0.1250 हे. वर्गफीट/हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/अति.तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 13.10.2026 को सुबह/दोपहर/शाम, समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप:- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर:-

राजस्व निरीक्षक
सरकंडा, तहसील बिलासपुर (छ.ग.)



हरिभूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com


Whats App - 6263190692, 8305922255



चयन

छात्रा प्रशंसा करेंगी संसद भवन दिल्ली में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व

बिलासपुर। संसद भवन नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने जा रही शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर की



छात्रा प्रशंसा पांडेय को महाविद्यालयीन परिवार ने सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश सहित प्रो. मंजू माधुरी बाजपेयी, प्रो. चौधरी, श्रीमती सिन्हा, सीमा मिश्रा, डॉ पूजा शर्मा सहित अन्य प्राध्यापकों ने प्रशंसा पांडे का अभिनंदन किया और उनके आगामी राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के लिए शुभकामनाएं दी। प्रशंसा का चयन 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर संसद भवन नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। वे नेशनल यूथ पार्लियामेंट की प्रदेश विजेता हैं तथा विकसित भारत लीडर्स डायलॉग में भी राज्य स्तर पर अपनी उपलब्धि दर्ज करा चुकी है। पिछले दो वर्षों से वे नेशनल यूथ पार्लियामेंट के माध्यम से विधानसभा स्तर पर युवाओं का प्रतिनिधित्व करती आ रही हैं। युवा नेतृत्व के क्षेत्र में प्रशंसा को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से यूथ आईकॉन की उपाधि भी प्राप्त है। यूथ आईकॉन के रूप में वे नशा मुक्त भारत अभियान सहित युवाओं से जुड़े विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहभागिता कर चुकी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के साथ आयोजित 'खेल की बात' एवं युवा संवाद जैसे कार्यक्रमों में भी उन्होंने यूथ आईकॉन के रूप में सहभागिता की है। युवाओं के लिए प्रेरणादायीयुवाओं के लिए संसद भवन के लिए उक्त छात्रा का चयन उनके निरंतर परिश्रम, युवा नेतृत्व और राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सहभागिता का महत्वपूर्ण परिणाम है।

धर्मक्षेत्र

कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया बांटी गई मिठाइयां



बिलासपुर। गया विहार सरकंडा में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ में कथा वाचक पं. घनश्याम पाण्डेय ने गुरुवार को वामन अवतार, रामा व कृष्णावतार प्रसंग की कथा पर प्रकाश डाला और बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के कारागार में जन्म लेते ही दिव्य प्रकाश हुआ। उन्होंने पुतना सहित कई राक्षसों का वध कर उन्हें मोक्ष प्रदान किया। अंत में भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी में नंदोत्सव मनाया गया।

गया विहार सरकंडा में चल रही भागवत कथा

बाल कृष्ण की झांकी सजा कर उसका पूजन कर आरती की गई। बधाईयां बांटी गई। उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने उनका आशीर्वाद लिया। इससे पूरे कथा स्थल परिसर में उत्साह का माहौल रहा। स्व. मनोज दुबे की स्मृति में आयोजित इस भागवत कथा के मुख्य यजमान राकेश कुमार व रजनी दुबे हैं। इस मौके पर अधिवक्ता राजेश्वर, उमा दुबे, रामेश्वर, पुष्पा दुबे, दिलीप अन्नपूर्णा दुबे, पूर्णिमा, मुस्कान, सिद्धि दुबे, अनिल, ममता दुबे, शिव कुमार, इंद्राणी शर्मा, ओमप्रकाश, सरला, चन्द्रहास, सरोज पाण्डेय, प्रीति, स्वीटी की उपस्थिति रही।

दयालबंद गुरुद्वारा में अखंड साहिब का पाठ



बिलासपुर। सर्व पंजाबी महिला संस्था छत्तीसगढ़ द्वारा नए सत्र की शुरुआत दयालबंद गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ साहिब रख कर की गई। पाठ का प्रारंभ 28 सितंबर को कर निरंतर 48 घंटे तक पाठ किया गया। जिसमें सुबह-शाम अरदास की गई।

सर्व पंजाबी महिला संस्था ने की सत्र की शुरूआत

संस्थापिका शशि आहूजा के मार्गदर्शन व प्रांतीय अध्यक्ष रंजीत कौर ढुआ के नेतृत्व में पूरा आयोजन हुआ। सुष्मित कौर, मनजोत कौर सलूजा, श्रद्धा खंडूजा, दविंदर कौर, सोना सलूजा, अपूर्वा ढुआ, डॉ हरप्रीत कौर, रश्मित कौर ग्रुप ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इस मौके पर महासचिव तरनजीत कौर सलूजा, सचिव दीप छाबड़ा, रोमी सलूजा, कृतांशा गुम्बर, कोषाध्यक्ष गोल्डी छाबड़ा, हरप्रीत कौर अरोरा, श्रद्धा खंडूजा, सुष्मित कौर , सोना सलूजा, सिल्की खनूजा, संरक्षक महेंद्र कौर सलूजा, रश्मि, रानी छाबड़ा, विशेष सलाहकार पम्मी गुम्बर, बलजीत कौर रजमानी, दलजीत कौर सलूजा, सुनीता खेत्रपाल, रविन्दर कौर छाबड़ा, जीत उपवेजा, बिन्नी गंभीर, ज्योति खंडूजा, सिमरन गुम्बर, रूबी, अमरजीत छाबड़ा, रूबी वाधवा, अंकिता अजमानी, लोरमी से निक्की सलूजा, बिल्हा से हनी सवन्नी, जसबीर कौर सलूजा, नवनीत कौर सवन्नी, गुरूसिंह सभा दयालबंद गुरूद्वारा के प्रधान परमजीत सिंह सलूजा, सचिव अमरजीत सिंह ढुआ, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह अजमानी, अमन होरा, जसबीर सिंह गांधी, राजा गंभीर उपस्थित रहे। प्रधान एवं चरणजीत सिंह गंभीर ने संस्था को शुभकामनाएं दी।

आयोजन

जरूरतमंदों की सेवा एक पुनित कार्य,सेवा कार्य के तहत सांई मंदिर में भंडारा



बिलासपुर। शांता फाउंडेशन के तत्वावधान में स्व. चेती बाई गेमनानी की पुण्यतिथि पर तोरवा में भिक्षुक भोजन कराया गया। वहीं स्व. हरिराम पंजवानी की पुण्यतिथि पर रेलवे स्टेशन स्थित साईं मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान शांता फाउंडेशन परिवार ने सेवा कार्यों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा और भोजन उपलब्ध कराना पुण्य स्मरण का एक सार्थक माध्यम है। सेवा कार्य में शांता गेमनानी, प्रकाश पंजवानी, सृष्टि सिंह, अनिता तिवारी, वैशाली बोले, अनिता तलवानी, रोहन उपस्थित रहे।

अन्तरराष्ट्रीय वरिष्ठ जन दिवस पर शहर में हुए विभिन्न आयोजन

दीपदान कर अरपा की आरती, वरिष्ठजन का किया सम्मान





बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर गुरुवार को शहर में वरिष्ठजनों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अरपा नदी में दीपदान और अरपा आरती कर वरिष्ठजनों को हरिहर छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के साथ स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, विधिक जागरूकता और मनोरंजन की गतिविधियां आयोजित की गईं।

रामसेतु अरपा सरकंडा साइड में शोभा टाह फाउंडेशन एवं हरिहर ऑक्सीजोन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लगभग 150 वर्ष पुराने पीपल पेड़ की पूजा और आरती से हुई। इसके बाद अरपा आरती की गई और पितृजनों को समर्पित अरपा नदी में दीपदान किया गया।

दीपदान से अरपा नदी का तट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों को हरिहर छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य संरक्षक अनिल टाह सहित सभी संरक्षक सदस्य और आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चरणजीत सिंह गंभीर, पीके पंचायती, मदन मोहन गुल्ला, प्रमुख संयोजक रेखा गुल्ला, पिंकेश्वरी देवी, स्वामी विवेकानंद की पौत्री तथा स्वामी दयानंद महाराज सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। वरिष्ठजन बंशीलाल गौरहा, कांति शर्मा, रामसेवक शर्मा, रामकृष्ण तावड़कर, सुंदरलाल साहू, शंकरलाल पाटनवार, जनार्दन प्रसाद शर्मा, पुष्पलता पंचायती, मृगुनाथ तिवारी, रामगोपाल पाण्डेय, जानकी प्रसाद शुक्ला, धनमत वर्मा, महेन्द्र चंद्र जैन, रामलाल पटेल, दलभंजन सिंह ठाकुर, गोविंदराम मिरी, आरआर सोमावार और गणेश प्रसाद कश्यप का सम्मान किया गया।

500 से अधिक वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित समारोह में विधायक धरमलाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित अतिथियों ने वरिष्ठजनों को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंटकर सम्मानित किया। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि जिस तरह माता-पिता का आदर और सम्मान किया जाता है, उसी भावना से समाज के प्रत्येक बुजुर्ग का सम्मान किया जाना चाहिए। वरिष्ठजनों के पास जीवन के लंबे अनुभवों का खजाना है, जिससे युवा पीढ़ी को सीख और प्रेरणा लेनी चाहिए। बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान हमारी सामाजिक एवं पारिवारिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी और छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ नागरिकों के पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण से हुई। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने 500 से अधिक वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। होम्योपैथी सहित विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञों ने परामर्श एवं उपचार दिया। स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट से शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। जरूरतमंद वरिष्ठजनों को श्रवण यंत्र, छड़ी और अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार चौहान ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के बीके विकास ने संगीत के माध्यम से स्वस्थ तन-स्वस्थ मन और वरिष्ठजनों के प्रति सकारात्मक सोच का संदेश दिया।

वृद्ध आश्रम माता की कुटिया में मनाया सीनियर सिटीजन डे



सीनियर सिटिजन डे को राजकिशोर नगर माता की कुटिया में जाकर वसुंधरा क्लब ने विभिन्न सेवा गतिविधियां की वृद्ध जनों की सेवा के अंतर्गत अध्यक्ष संजना मिश्रा एवं सचिव मंजू मिश्रा के द्वारा सभी व्रद्ध महिलाओं को वस्त्र दान किया गया। सभी वृद्ध जनों का हेल्थ चेकअप कराया जिसके अंतर्गत डॉ अपर्णा मिश्रा के सहयोग से बीपी शुगर की जांच करवाई गई और डिस्टिक प्रोजेक्ट रोड सेफ्टी के अंतर्गत बुजुर्गों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए अपने परिवारों को इससे अवगत कराने की अपील की। व्रद्ध दिवस वृद्ध जनों के बीच में लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा से रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप अध्यक्ष संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा, सभी ने मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्गत गीत भजन का प्रोग्राम रखा।

बुजुर्गों का गुलाब देकर सम्मान, निःशुल्क चश्मे वितरित



छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विश्व वयोवृद्ध दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य शिविर एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। ईएनटी विभाग में 67 मरीजों की जांच आधुनिक मशीनों से की गई। नेत्र रोग विभाग द्वारा बुजुर्गों की आंखों की जांच की गई, जिसके बाद जरूरतमंद 58 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। मेडिसिन विभाग में बुजुर्गों की सामान्य एवं पुरानी बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 530 मरीजों की ओपीडी हुई, जिसमें 90 जेरिएट्रिक (वृद्ध) मरीज शामिल रहे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता रमणेश मुर्ति, अधीक्षक लखन सिंह,डॉ ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ आरती पांडे, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ अमित ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

वृद्धावस्था अनुभव, पुण्य कर्मों की अवस्था



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम शांति सरोवर उसलापुर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर "गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" विषय पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीके छाया दीदी ने कहा कि 60 वर्ष की आयु के बाद का समय भी अत्यंत मूल्यवान है। इस अवस्था में व्यक्ति अपने अनुभवों का लाभ समाज को दे सकता है। विशिष्ट अतिथियों, 70 वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों का तिलक, पुष्पमाला, पटका, श्रीफल, प्रसाद भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रामचंद्र यादव, सोहन वैष्णव, राकेश भोसले, प्रमोद शर्मा, रामसेवक कुशवाहा, आजूराम ध्रुव की उपस्थिति रही।

कलरिंग एक्टिविटी में प्री-नर्सरी के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के प्री-प्राइमरी विंग में प्री-नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक आकर्षक एवं रचनात्मक कलरिंग एक्टिविटी आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी पसंद के रंगों का उपयोग करते हुए अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता का परिचय दिया। चित्रों को सुंदर एवं आकर्षक रंगों से सजाया।

इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रंगों की पहचान, रचनात्मकता एवं कल्पना शक्ति को प्रोत्साहित करना था। गतिविधि के दौरान बच्चों को विभिन्न चित्रों की वर्कशीट प्रदान की गई। रंग भरते समय बच्चों के चेहरों में उत्साह, उमंग और आनंद दिखाई दे रहा था। शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें रंगों की सही पहचान, उपयोग एवं सुंदर रंग-संयोजन के बारे में जानकारी दी। इससे बच्चों ने मनोरंजन के साथ ही रंगों को समझने और उनका रचनात्मक उपयोग करने का अनुभव भी प्राप्त किया। गतिविधि के अंत में निर्णायक मंडल में शामिल सुश्री राजनीर कौर एवं सुश्री जेलीस खानम ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा उत्कृष्ट चित्रों का चयन किया। ज्ञात हो कि यह गतिविधि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रथम गतिविधि थी। जिसने नन्हें बच्चों को सीखने के साथ ही आनंद और उत्साह से भर दिया। बच्चों ने पूरे मनोयोग से इसमें भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह गतिविधि बच्चों के लिए न केवल मनोरंजक रही, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सुखद एवं सार्थक पहल भी सिद्ध हुई।

डीपीएस के प्री-प्राइमरी विंग में हुआ आयोजन



ये हैं प्री-नर्सरी के चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागी

प्री-नर्सरी के चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों में अभिरम जायसवाल, वामाक्षी राय, आशीव्या घृतेश, व्योम यादव, नाओमीका महेंद्र, इनैशा जायसवाल, दित्या आचार्या, टिया अग्रवाल आदि प्रमुख है।

रचनात्मक पहल की हुई सराहना

विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आरसी. मोहंती ने इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक विकास, रचनात्मक सोच, आत्म-अभिव्यक्ति एवं रुचियों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मास्टर शेफ बनी महिलाओं ने दिखाया हुनर

बिलासपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में शुक्रवार को अग्रसेन भवन में मेरा छत्तीसगढ़ धान का कटोरा थीम पर चावल के व्यंजन बनाने प्रतियोगिता हुई। जिसमें महिलाओं ने मास्टर शेफ की भूमिका निभाते हुए अपनी पाल कला का हुनर दिखाया।

अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिभागी महिलाओं ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध खानपान परंपरा को अपने व्यंजनों के माध्यम से खूबसूरती के साथ पेश किया। उन्होंने चावल और अन्य पारंपरिक सामग्री का उपयोग कर विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाए एवं व्यंजनों की पारंपरिक विशेषताओं और बनाने की विधि की जानकारी भी दी।

प्रतियोगिता के माध्यम से पारंपरिक व्यंजनों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और स्थानीय खानपान के प्रति रुचि बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम की आयोजिका रंजू सराफ, कविता जाजोदिया, पिंकी अग्रवाल, तृप्ति टिबड़ेवाल, प्रभा, अनिता सुल्तानिया, सुनीता प्रवीण अग्रवाल, कविता सोनथलिया, सीमा अश्विन जाजोदिया रही।

अग्रसेन जयंती समारोह में व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित



खेला गया तोलमोल का गेम

'तोलमोल के बोल' गेम का आयोजन तिफरा के एक निजी होटल में किया गया। जिसमें 2-2 के ग्रुप में 160 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनकी मनोरंजन के साथ खरीदारी और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों को लेकर लोगों की समझ परखी गई। गेम जीतने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस गेम के प्रायोजक प्रमोद खेड़िया, मनीष बगड़िया, ललित नूनीवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, हरीश शाह एवं आयोजक आशीष, सौरभ अग्रवाल, दीपक कुमार गोयल, राहुल, नंदकिशोर अग्रवाल, ललित नूनीवाल, किशन बंसल, यादवेन्द्र शाह, विनित मित्तल, चंदन अग्रवाल रहे।

लकी गेम में आजमाई किस्मत

जयंती समारोह में किस्मत का कमाल लकी गेम का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी अपनी पसंद के नंबर या विकल्प चुनकर हिस्सा लिया। इसके बाद ड्रॉ या तय प्रक्रिया के माध्यम से विजेता का चयन किया गया। इस कार्यक्रम की प्रायोजक प्रीति अग्रवाल एवं आयोजिका कृष्णा मित्तल, शोभा अग्रवाल, रिंकू मित्तल, सुषमा चौधरी, प्रीतु बुधिया, रंजीता बुधिया, सुषमा केडिया, नुपुर सराफ, मीनू अग्रवाल रही।

नवरात्रि पर 10वें वर्ष का भव्य आयोजन, तीन दिनों तक सजेगा डांडिया का रंग

फाउंडेशन एकेडमी में रास डांडिया 14 से, अभिनेत्री उर्मिला खेलेंगी डांडिया

कॉर्नर न्यूज

नवरात्रि पर्व पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में रास डांडिया 2026 का आयोजन 14 से शुरू होने जा रहा है। , देश की जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर शहरवासियों के साथ खेलेगी रास डांडिया नवरात्रि पर्व पर 10वें वर्ष का भव्य आयोजन, तीन दिनों तक सजेगा डांडिया का रंग।

बिलासपुर। शहरवासियों के लिए लोकप्रिय रास डांडिया इस वर्ष अपने शानदार 10वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। रास डांडिया 2026 का भव्य आयोजन 14, 15 और 16 अक्टूबर 2026 को फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी, महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा। दस वर्षों की इस शानदार यात्रा को यादगार बनाने के लिए हर बार की तरह इस बारभी फिल्मी दुनिया के कलाकार यहां रास डांडिया में शामिल होंगे। शहर के लोग अपने परिवारसहित रास डांडिया में शामिल होते हैं और शहर के लोगों को इस नवरात्रि पर रास डांडिया का इंतजार है।

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में तीन दिनों तक आयोजित किया जा रहा है। तीनों दिनों में गरबा और डांडिया के साथ संगीत, नृत्य, मनोरंजन और पारंपरिक उत्सव का रंग देखने को मिलेगा। रास डांडिया के 10वें वर्ष पर बॉलीवुड का ग्लैमर भी देखने को मिलेगा।

100 से अधिक फिल्मों में अदाकारी, तथा अभिनय करने वाली बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर शहरवासियों के साथ रास डांडिया खेलेंगी। इस भव्य आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में शामिल होगी। उर्मिला मातोंडकर ने बतौर बाल कलाकार 'कलयुग' और 'मासूम' जैसी फिल्मों से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की और आगे चलकर हिंदी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्रियों में अपनी पहचान बनाई।



10 साल की यादों के साथ नए अंदाज में रास डांडिया

रास डांडिया ने पिछले एक दशक में बिलासपुर के नवरात्रि उत्सव को एक अलग पहचान देने की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखी है। 10वें वर्ष का यह आयोजन पिछले वर्षों की यादों और नए उत्साह का संगम होगा। तीन दिनों तक फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी में डांडिया की धुन, रंग-बिरंगी रोशनी, संगीत और उत्सव का माहौल देखने को मिलेगा। वहीं, उर्मिला मातोंडकर की विशेष उपस्थिति इस 10वें वर्ष के जश्न में बॉलीवुड का खास रंग जोड़ेगी।

खबर संक्षेप

गोदाम में कीटनाशक का अवैध भंडारण

बिलासपुर। बिना लाइसेंस गोदाम में कीटनाशक का अवैध भण्डारण व 7 सैंपल जांच में मिस ब्रांड पाए जाने पर पुलिस ने गोदाम संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 20 अगस्त 2026 को सूचना पर सहायक कृषि विकास अधिकारी शिल्पा श्रीवास्तव के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल ने लोखंडी रामघाट तालाब के सामने मनीष रजक के मकान में संचालित गोदाम में दबिश देकर जांच की। यहां बिना लाइसेंस के कीटनाशकों व अन्य कृषि सामग्री का भण्डारण मिला था। राजस्व विभाग के पटवारी और पुलिस की मौजूदगी में कीटनाशक जब्त कर पंचनामा बनाया गया था। वहीं गोदाम को सील कर संचालक को सौंप दिया गया था। जब्त कीटनाशक में से 7 के नमूने राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला राजनांदगांव भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में सभी नमूने मिसब्रांडेड पाए गए हैं। पुलिस ने श्रीमती श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर गोदाम संचालक आशु सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 286 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

युवक से मारपीट, युवती का लूटा बैग, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। युवक युवती कोरीडेम में घूम रहे थे। इसी दौरान 3 युवक आए और युवक के साथ मारपीट कर युवती का बैग लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार, मुंगेली जिला की रहने वाली एक युवती अपने दोस्त साहिल के साथ कोटा बैंक में केवाइसी कराने आई थी। बैंक में काम निपटाने के बाद दोनों घूमने कोरीडेम गए थे। डेम के किनारे दोनों घूम रहे थे। इसी दौरान 3 युवक आए और साहिल के साथ जमकर मारपीट करने के बाद युवती का बैग लूटकर भाग गए। बैंक में एक मोबाइल, एनसीसी कैम्प का सर्टीफिकेट, राशन कार्ड रखा हुआ था। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



सरकारी अस्पतालों में दिखने लगा है असर | **अन्य राज्यों के लोगों को मिल रही नौकरियां**

बिना रजिस्ट्रेशन बाहरी कर सकेंगे नौकरी, एक आदेश से मेडिकल बेरोजगारों के सामने संकट

बिलासपुर। स्वास्थ्य विभाग के एक फैसले ने राज्य के हजारों डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ व पैरामेडिकल स्टाफ के सामने नौकरी के लिए रोड़ा डाल दिया है। राज्य सरकार द्वारा अन्य राज्यों में पंजीकृत चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों और पैरामेडिकल स्टाफ को बिना राज्य रजिस्ट्रेशन के छत्तीसगढ़ में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी है। इस फैसले राज्य में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे सुनहरे भविष्य की तलाश में लगे बेरोजगारों के सामने नौकरी का खत्म मंडराने लगा है।

दरअसल राज्य सरकार एक ओर लगातार मेडिकल व नर्सिंग कालेज खोल रही है, वहीं 17 हजार से अधिक डाक्टर व 25 हजार से ज्यादा पैरामेडिकल व नर्सिंग स्टाफ राज्य में पंजीकृत हैं, लेकिन इसके बावजूद राज्य के हेल्थ सचिव ने आदेश जारी कर राज्य के बाहर पंजीकृत डाक्टर और नर्सिंग - पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में प्रेक्ट्रिस करने की छूट दे दी है। यही कारण है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में डाक्टर,लैब सहायक, नर्सिंग स्टाफ और टेक्निशियन के तौर पर बाहरी लोगों की भर्ती की जा रही है। हाल ही में अस्पतालों में संचालित अटल लैब इसका उदाहरण बन चुका है। इस आदेश का विरोध भी हो चुका है लेकिन राज्य सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है, ऐसे में भविष्य में यहां के बेरोजगारों डाक्टर व मेडिकल स्टाफ के सामने नौकरी का संकट आ सकता है।

बिना पंजीयन प्रेक्टिस की छूट

सचिवालय द्वारा जारी किए गए अधिसूचना में अन्य राज्यों में पंजीकृत डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को राज्य में बिना अलग पंजीयन के काम करने की अनुमति दे दी गई है। ऐसे में अन्य राज्य के बाहर के पंजीयन को जांचने और परखने का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे लोगों की जांच करने का प्रावधान नर्सिंग होम एक्ट में भी उल्लेखित नहीं है हालांकि विरोध बढ़ने के बाद राज्य सरकार ने 3 माह के भीतर राज्य में पंजीयन की बात कही थी, लेकिन यह पूरी तरह से मौखिक है, अबतक इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

डाक्टरों की कमी का हवाला

बताया जा रहा है कि राज्य सरकार ने इस आदेश के पीछे राज्य में डाक्टर और मेडिकल स्टाफ की कमी का हवाला दिया था, जबकि स्थिति ठीक इसके उलट है। हर साल मेडिकल कालेजों से डाक्टर निकल रहे है, नई सीटे बढ़ रही है। नर्सिंग स्टाफ और टैक्निशियन के लिए हर साल लोगों बच्चे पढ़ाई कर रहे है, इसके बावजूद कमी का हवाला किसी के गले नहीं उतर रहा है। प्रदेश के हजारों डाक्टर, इंटर्न, जूनियर डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र पहले से ही सीमित रोजगार अवसरों, रिक्त पदों पर भर्ती में विलंब तथा सेवा संबंधी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में बाहरी राज्यों के डाक्टरों के लिए बिना किसी स्थानीय नियामक प्रक्रिया के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करना राज्य के डाक्टरों के भविष्य के साथ अन्याय है।

रोजगार संकट बढ़ेगा

राज्य सरकार लगातार सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों को निजी हाथों में दे रही है, जगदलपुर में यह हो चुका है, यहां डाक्टर नहीं मिले, तो हैदराबाद के डाक्टरों को लाया गया। इस आदेश के बदौलत अन्य अस्पताल में भी यही होगा। जाली डिग्री के भरोसे नौकरी दी जाएगी। जब छत्तीसगढ़ मेडिकल कौंसिल में डाक्टर का पंजीयन नहीं है और मरीज के साथ कुछ गलत हो जाता है, राज्य सरकार किस आधार पर डाक्टर से पुछताछ करेंगी। कौन से कानून से अपराध दर्ज होगा। यहां के डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ के सामने रोजगार का संकट होगा। -

-डॉ राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ

मूल निवासियों के साथ धोखा है

हमने इस आदेश का खुलकर विरोध किया है। यह छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के साथ धोखा है। सरकार नेशन मेडिकल रिकार्ड की बात कहती है, लेकिन इससे कैसे सत्यापित कराया जाएगा, इसकी प्रक्रिया ही नहीं है। कोई भी डाक्टर, नर्सिंग व पैरामेडिकल फर्जी डिग्री के भरोसे नौकरी पाएगा, और मेडिकल प्रैक्टिस करेगा। सरकार उसपर कोई कार्रवाई नहीं कर सकेगी। यह राज्य सरकार का आत्मघाती कदम है।

-रेशम रत्नाकर, अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन

अवैध खनन के एक ही मामले में दो लोगों को सजा

रेत के अवैध खनन-परिवहन मामले में ट्रैक्टर चालक मालिक को एक साल की सजा, 25 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नदी से अवैध तरीके से रेत का खनन और परिवहन करने के मामले में विशेष न्यायाधीश खान और खनिज द्वारा दो लोगों को एक-एक साल की सजा और 25-25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। दोनों अभियुक्तों में एक वाहन चालक, तो दूसरा वाहन मालिक है। कोर्ट द्वारा सुनाए गए इस कड़े फैसले के बाद रेत के अवैध कारोबार से जुड़े माफियाओं में निश्चित रूप से एक बड़ा संदेश जाएगा।

आरोपी जलेश्वर कश्यप एवं अमर कुमार केंवट द्वारा 16 अक्टूबर 2025 को सुबह साढ़े आठ बजे नदी के प्रतिबंधित क्षेत्र से बेईमानीपूर्वक न केवल अवैध रुप से रेत उत्खनन कर चोरी किया जा रहा था, बल्कि बिना वैध अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के अवैध रूप से अनधिकृत परिवहन भी किया गया। इस मामले में जब्ती की कार्यवाही माईनिंग इंस्पेक्टर राजू यादव के द्वारा की गई थी। अभियुक्तों के इस कृत्य से प्राकृतिक खनिज संसाधन के अनधिकृत दोहन की स्थिति उत्पन्न हुई। इस मामले में उपलब्ध समग्र तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विचार करते हुए विशेष न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी, खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अभियुक्त जलेश्वर कश्यप एवं अमर कुमार केंवट को पृथक-पृथक धारा 303 (2) सपठित 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत 01 वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपये अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड राशि अदायगी के व्यतिक्रम की दशा में 15 दिवस का कठोर कारावास की सजा तथा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 धारा 4 (1), 4 (1 क) का उल्लंघन होकर धारा 21 के अंतर्गत पच्चीस हजार रुपये अर्थदण्ड एवं अर्थदण्ड राशि अदायगी के व्यतिक्रम की दशा में 15 दिवस का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

- विशेष न्यायाधीश, खान और खनिज का आदेश



खनिज माफियाओं के लिए बड़ा संदेश

रेत के अवैध खनन व परिवहन के एक मामले में कोर्ट के द्वारा उक्त अवैध गतिविधि में उपयोग किए गए ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक को एक-एक साल के कठोर कारावास एवं 25-25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया जाना निश्चित रूप से खनिज माफियाओं के लिए एक बड़ा संदेश है। उम्मीद है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त खनिज माफियाओं को इससे बड़ा सबक मिलेगा।

-किशोर कुमार गोलघाटे, उपसंचालक खनिज

बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर भागा बस चालक

बिलासपुर/रतनपुर। तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने खतरनाक तरीके चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर गाड़ी लेकर भाग गया। सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

- गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, मस्तूरी किरारी निवासी साहिल सिंह ठकुार पिता स्व. परमेश्वर सिंह ठाकुर 25 साल 1 अक्टूबर की सुबह बाइक से अपने ससुराल मरवाही जा रहे थे। ग्राम चपोरो बांसाझाल मोड़ में सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बस क्रमांक सीजी 10 सीई, 2453 के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने से साहिल सिंह ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का शव उठाकर मरच्यूरी भेजवा दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने रिश्तेदार पवन सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर बस चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा 105 व 184 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

ट्रक के सामने कूदा विक्षिप्त, मौत

1 अक्टूबर की शाम 6.15 बजे रानीगांव की ओर एक विक्षिप्त दौड़ते हुए नेशनल हाइवे में आया और तेज रफ्तार से दौड़ रहे ट्रक के सामने कूद गया। जिससे उसकी कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक ने कपड़ा नहीं पहना था और उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।

जेल में मोबाइल ले जाने से मना करने पर प्रहरी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जेल के मुलाकाती कक्ष में मोबाइल ले जाने से मना करने पर दो युवकों ने दबंगई दिखाते हुए जेलप्रहरी से हुज्जतबाजी करते हुए मारपीट की, पुलिस ने हमलावर युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, जेलप्रहरी पुरूषोत्तम सिंह मुलाकाती कक्ष के पास ड्यूटी में तैनात थे। वे मुलाकात करने वालों की तलाशी लेने के बाद भेज रहे थे। जांच के दौरान शंभु यादव, श्रेयांस के पास मोबाइल मिला। प्रहरी ने दोनों को मोबाइल अंदर ले जाने से मना किया। इस पर दोनों युवकों ने दबंगई दिखाते हुए प्रहरी से हुज्जताबी करने हुए मारपीट कर दी। प्रहरी से मारपीट करने पर जेल परिसर में हड़कंप मच गया। अन्य जेलप्रहरी बीच बचाव के लिए आए तो दोनों युवक भाग गए। पुलिस ने प्रहरी पुरूषोत्तम सिंह की रिपोर्ट पर दोनों हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 221, 222, 332 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

बेलगहना क्षेत्र में टाइगर ने किया तीन मवेशियों का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलगहना क्षेत्र में टाइगर ने एक बार फिर तीन मवेशियों का शिकार किया है। टाइगर हाईस्कूल के आसपास विचरण कर रहा है, जिसके कारण ग्रामीण काफी दहशत में आ गए हैं। वहीं वन विभाग की टीम ग्रामीणों को लगातार अलर्ट करने के साथ घर से अकेले बाहर नहीं निकलने की सलाह दे रही है।

वन विभाग के अनुसार मैकल पर्वत श्रेणियों से घिरा बेलगहना अंचल एक बार फिर वन्यप्राणियों की मौजूदगी को लेकर काफी चर्चा में है। घने साल एवं मिश्रित वनों, अरपा नदी की जलधारा एवं आसपास फैले छोटे बड़े नालों व जलस्त्रोतों के कारण यह लंबे समय से जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। इस क्षेत्र के सक्तीबहरा और बाबापारा के साथ बहरामुड़ा स्कूल के आसपास टाइगर के पगमार्क दिखने से जहां वन्यप्रेमियों में उत्साह है, वहीं जंगल से लगें ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गई है। ग्रामीण टाइगर की मौजूदगी से काफी दहशत में आ गए हैं। लगातार बेलगहना क्षेत्र के आसपास टाइगर के घूमने के कारण लोग बाहर निकलने से भी डरने लगे हैं। एक दिन पहले सक्तीबहरा क्षेत्र में टाइगर के पैरों के निशान मिले। इसके बाद गुरुवार को बेलगहना से लगे एरिया बहरामुड़ा और बाबापारा क्षेत्र में निवासी संतोष यादव के घर के समीप खेत की गीली मिट्टी में टाइगर के पगमार्क को देखा गया। मिट्टी में पगमार्क के स्पष्ट दिखाई देने के बाद आसपास के ग्रामीणों में टाइगर की मौजूदगी को लेकर दहशत का माहौल बन गया। टाइगर ने संतोष यादव के तीन मवेशियों का शिकार किया और जंगल की ओर चला गया। इसकी सूचना मिलते ही कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन सहित उनकी टीम मौके पर पहुंचकर पग मार्क देखकर टाइगर होने की पुष्टि की।

विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर कोटवार के माध्यम से मुनादी कराने के साथ ही अलर्ट करना भी शुरु कर दिया है। वहीं टाइगर के मूवमेंट पर भी लगातार निगरानी रखने का आदेश स्टाफ को दिया गया है।



मृत मवेशी।



टाइगर के पदचिन्ह।

एटीआर से जुड़ा है क्षेत्र

ग्रामीणों के अनुसार बेलगहना का क्षेत्र अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रभाव क्षेत्र से जुड़ा है। यह वन्यप्राणियों के आवागमन का महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसलिए वन्यप्राणियों की निगरानी के लिए मैदानी स्तर पर वन अमले की सक्रियता और अधिकारियों की मौजूदगी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण और वन्यप्रेमियों ने संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी निगरानी व्यवस्था विकसित करने और कुरदर के जंगल क्षेत्र में अचानकमार टाइगर रिजर्व की स्थायी चौकी अथवा कार्यालय व्यवस्था को मजबूत करने मांग की है।

दिया जाएगा मुआवजा

बेलगहना से लगा हुआ जंगल का क्षेत्र भी है। एटीआर में टाइगर की संख्या अधिक होने के कारण वे इस ओर आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से टाइगर का आना और संख्या बढ़ना बड़ी उपलब्धि है। टाइगर ने मवेशी का शिकार किया है, उसके मालिक को मुआवजा राशि दी जाएगी। इसके साथ ही सभी को अलर्ट कराने के साथ स्टाफ लगातार टाइगर की निगरानी में लगे हुए हैं।

-अनिल भास्करन, उप वनमंडलाधिकारी, कोटा वन परिक्षेत्र

एफआईआर लिखने में कोताही सकरी टीआई लाइन अटैच

बिलासपुर। एसएसपी ने दो पक्षों के बीच मारपीट होने पर एफआईआर लिखने में कोताही बरतने व उच्च अधिकारियों को जानकारी नहीं देने पर सकरी टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। पूर्व में लोखंडी में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। घायल युवक को इलाज के लिए रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घायल युवक की मृत्यु होने पर सकरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। सकरी टीआई उमेश साहू ने दो पक्षों के विवाद में एफआईआर लिखने में कोताही बरती और घटना की जानकारी राजपत्रित अधिकारियों को नहीं दी। 1 अक्टूबर को एसएसपी रजनेश सिंह ने एफआईआर लिखने में कोताही बरतने पर टीआई साहू को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई संजय शेंडे को सकरी थाना प्रभारी बनाया है।

अरपा नदी में बहे ग्रामीण की दूसरे दिन मिली लाश

बिलासपुर। एनीकट से गिरकर अरपा नदी में बहे ग्रामीण की दूसरे दिन लाश मिल गई है। बुधवार को चकरभाठा थाना क्षेत्र के ग्राम मगरउछला निवासी तीजराम केंवट 58 साल अपने छोटे भाई बबलू के साथ मस्तूरी कोनी की ओर से गांव आ रहे थे। कोनी व मगरउछला के बीच एनीकट पार करते तीजराम केंवट अरपा नदी में गिरकर बह गया था। गुरूवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने नदी में तलाश कर उसकी लाश बरामद कर बाहर निकाल ली है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152





खबर संक्षेप

कालीमाई वार्ड में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन



मुंगेली। कालीमाई वार्ड, में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं समुदाय के बीच संवाद स्थापित कर सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दुर्गा साहू, वार्ड पार्षद श्रीमती छोटी सिंह परिहार, सरस्वती ठाकुर, राजू देवांगन, प्रमोद ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आंगन मिलन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए समुदाय की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के साथ संवाद, विभिन्न गतिविधि जैसे स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली, मेंहदी, व्यंजन प्रतियोगिता आंगनबाड़ी दीदी और मितानिन दीदी का सम्मानतथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी साझा की गई। उपस्थित अतिथियों एवं आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान में जुटे विद्यार्थी



सेतगंगा/मुंगेली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में 1 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, विद्यालय एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पी.के. धिरें, कमलेश भास्कर, नरेंद्र काठले, धन सिंह, देवेंद्र पटेल, झरोखा लाल मिरी, पी.आर. वर्मन, दीपक गुप्ता, भूपेंद्र कुर्रे, कविता उपाध्याय, रंजनी कश्यप, सोमिना जॉन, नीलिमा किरण मिंज, सुखचंद पाटले, ऐश्वर्या यादव एवं दयावती सहारे सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

रासेयो के स्वयंसेवकों ने किया नशामुक्ति के खिलाफ जागरूक



मुंगेली। डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र विज्ञान महाविद्यालय रासेयो इकाई द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-100 सडेज कैपेन हेल्थ वॉक रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष प्रद्युम्न तिवारी, अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एस.के. तिवारी, विशिष्ट अतिथि जिला संगठक रासेयो डॉ. एनके पुरले, क्रीडाधिकारी सीपी सिंह रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ से पंजीयन वॉर्मअप किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर हेल्थ वॉक रन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। हेल्थ वॉक रन महाविद्यालय से प्रारंभ होकर 3 किलोमीटर दूरी तय कर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में एकत्रित हुए। मुख्य अतिथि द्वारा नशा मुक्त रहने हेतु शपथ दिलाई गई। अमर जवान स्मारक के पास एकत्रित होकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में पूरे रास्ते भर नशा मुक्त स्लोगन का उद्घोष करते हुए ऊर्जा के साथ सभी एन.एस.एस. स्वयं सेवक एव विद्यार्थीगण भाग लिए। कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागी विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित हुए।

नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता दीदियो व कमांडो का सम्मान



मल्हार। नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर की महत्वपूर्ण जवाबदारी स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाने वाली स्वच्छता दीदियो व स्वक्षता कमांडो का सम्मान निकाय के जनप्रतिनिधियो व मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर की महत्वपूर्ण जरूरत को देखते हुए डोर टू डोर कचड़ा संग्रहण के लिए खरीदे गए नए 8 नग ट्राइसायक्ल रिक्शे को स्वक्षता दीदीयो को दिया गया। अब वे नगर के सभी 15 वार्डो में घर घर जाकर कचरा कलेक्शन कर नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, पार्षद कमलेश सिह, रमेश यादव, गीता कैवर्त, रामफल कांत, मिलू कैवर्त, पीयूष पाटले, आशुतोष वर्मा, जगदीश राय, पार्षद प्रतिनिधि मनराखन कैवर्त, मिथुन यादव, धनेश्वर कैवर्त, प्रमोद थवाइत, रंजन साहू, एल्डरमेन रामनारायण कश्यप, धर्मेंद्र सिह, कैवर्त के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिह व नगर पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

विभिन्न विभागों ने अलग-अलग स्टॉल लगाकर समस्याओं का किया निराकरण

ग्रामीणों की समस्याएं समय पर हों निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



सेवा सेतु अभियान के तहत जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत भकुर्रा नवापारा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। ग्रामीणों की सुविधा के लिए शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए, जहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, जनपद सदस्य गीता यादव एवं विशाल सिंह उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन को जनता के करीब लाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके और पात्र प्रकरणों का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जा सके। मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी लोगों तक पहुंच सकता है, जब ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर निराकरण हो। जन समस्या निवारण शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को गंभीरता से लिया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर बीआर महोबिया, अरुण चौहान, रवि सोनी, बल्लू पटेल, प्रमोद ठाकुर, ऋषि पटेल, जगत साहू, तिलक वर्मा, संतोष कश्यप, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्यव्रत तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अ धि का री - क र्म चा री , जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल हुए धर्मजीत

सेवा संकल्प अभियान के तहत सेजेश तखतपुर में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉक्टर धर्मजीत सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्र की सरकार हर क्षेत्र और वर्ग को ध्यान में रखकर योजना बनाते हुए उसे पर कार्य कर रही है और इसी का नतीजा है कि आज भारत पूरे विश्व में अग्रणी पंक्ति पर खड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं और बेटियां सशक्त हो और इसी के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा कदम प्रदेश की सरकार ने उठाया है और 70 लाख महिलाओं को प्रति माह एक हजार की राशि दी जा रही है ताकि वह भी आत्मनिर्भर बन सके। बेटियों को पढ़ाई के लिए दूर न जाना पड़े इसके लिए उन्होंने नवीन कन्या महाविद्यालय के भवन की भी स्वीकृति दिलाई है और वह बहुत जल्दी बनकर तैयार होगा तब छात्राओं को पढ़ने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा, महाविद्यालय की पढ़ाई आसानी से पूरा कर सकेंगे। प्रतियोगिता में तखतपुर विकासखंड के 50 हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-



छात्राओं ने भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्र में जिला पंचायत सभापति अंबिका विनोद साहू, भाजपा किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत, जनपद सभापति कविता महेश यादव, जनपद सदस्य श्याम ध्रुव, मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू ,पार्षद अंकित अग्रवाल, संकेत समवेल, आयुष ठाकुर ने भी अपने विचार रखें। न्यौता भोज का भी आयोजन देवहूति कुंजम के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शुक्ला और आभार प्रदर्शन बल्लभ रजक ने किया। इस अवसर पर प्रमोद ठाकुर, अमित मंदानी, कृष्ण कुमार साहू, संकेत सामुएल, शिप्रा सामुएल, वरुण सिंह, बाला सिंह ठाकुर, अंकित अग्रवाल, ज्ञान सिंह ठाकुर, नैनलाल साहू, आयुष ठाकुर, गिरीश कश्यप, दिलीप तोलानी, संदीप साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक गुप्ता, सहायक विकास को शिक्षा अधिकारी उत्तम वस्त्रकर, पुष्पलता, संगीता कोसरिया, बीआरसी सीमा त्रिपाठी, मौसमी रॉबिन्सन, देहुती कुंजाम, संजीव कुर्रे, नितेश सिंगरौल सहित अन्य उपस्थित रहे।



हितग्राहियों तक पहुंचाना है शासन की योजनाओं का लाभ: मोहले

मुंगेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम रोहराखुर्द, विकासखंड मुंगेली में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 23 हितग्राहियों को पट्टा प्रदान किया गया। सेवा सेतु शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 948 मरीजों का पंजीयन कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक जांच उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान विकास कार्यों की सौगात के साथ बड़ी संख्या में हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य जनसमस्याओं को सुनना, उनका समाधान करना और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान पूरे देश में 17 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अभियान का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का लाभ पर पहुंचना है। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम रोहराखुर्द में आयोजित सेवा सेतु शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 948 मरीजों का पंजीयन कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक जांच उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पवन पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, सौरभ बाजपेयी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



संगीत इंटर्नशिप का समापन, राग आधारित प्रस्तुति ने मोहा मन

पेंड्रा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू), अमरकंटक के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग (संगीत) एवं मल्टीपरपज स्कूल पेंड्रा के संयुक्त प्रयास से आयोजित संगीत इंटर्नशिप का सांगीतिक समापन समारोह जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), पेंड्रा में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं से परिचित कराना और उनमें संगीत के प्रति रुचि एवं कलात्मक अभिरुचि विकसित करना रहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईजीएनटीयू अमरकंटक के संगीत विभाग के प्रोफेसर डॉ अभय दुबे एवं डॉ आनंद कृष्ण ज्योतिषी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राग आधारित प्रस्तुतियों के साथ सरस्वती वंदना, भजन, देशभक्ति गीत एवं छठ गीत प्रस्तुत किए।

बजरंग दल ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कलेक्टर को ज्ञापन देते कार्यकर्ता।

बजरंग दल ने जिले के समस्त गरबा आयोजकों के लिए विभिन्न दिशा निर्देश अनिवार्य रूप से लागू किए जाने की मांग की है। गरबा में किसी भी प्रकार के फूहड़ एवं अश्लील गाने न बजाए जाएं। सभी प्रतिभागियों के लिए शालीन एवं मर्यादित ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाए। शॉर्ट्स व छोटे कपड़ों में प्रवेश न दिया जाए।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर अमृत विकास तोपनो से मुलाकात कर नवरात्रि के समय गरबा कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की अशोभनीय हरकत फूहड़ता पर पूर्ण प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की। कार्यक्रम स्थल पर नशाखोरी, मारपीट, छेड़छाड़ पर सख्त कार्रवाई की जाए। महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था की जाए। सभी प्रतिभागियों का पहचान-पत्र जांचना अनिवार्य किया जाए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए समस्त थाना प्रभारियों एवं गरबा आयोजकों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की। ज्ञापन देने वाले में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पुहुप साहू, जिला संयोजक हीरा साहू, जिला सह मंत्री मनोज मिश्रा, बजरंग दल जिला संयोजक हीरा साहू, नगर साप्ताहिक मिलन उदय सोनी, नगर सक्रिय कार्यकर्ता विशेष पाठक, खण्ड संयोजक राम लोचन साहू, खण्ड संयोजक धनु साहू एवं हजारों बजरंगियों की उपस्थिति में कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

जीवन में सफलता का मूलमंत्र निरंतर मेहनत व आत्मविश्वास

मुंगेली। रम्भाबाई रामलाल साव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 दिसम्बर के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में भाषण, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. अंजली विनय गुप्ता भवानी रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का मूलमंत्र निरंतर मेहनत, लगन और आत्मविश्वास है। यदि किसी भी प्रतियोगिता को दिल से और अपनी अंतरात्मा से किया जाए तो सफलता निश्चित है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद जितेन्द्र दावडा एवं एल्डरमैन हंसराज तंबोली उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ व्याख्याता रूपचंद बांकी, देवरी को विदाई दी। संस्था के प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग ने बताया कि पार्षद जितेन्द्र दावडा एवं एल्डरमैन हंसराज तंबोली द्वारा विद्यालय के लिए पंखा एवं लाइट प्रदान करने की घोषणा की गई है। कार्यक्रम में व्याख्याता विभा साहू, जया शुक्ला, दिलीप काटले, चंद्रशेखर शर्मा, नोहर चंद्रवंशी, कुमार सिंह ध्रुव, मोहसिन हाशमी, एम कुर्रे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



नगरीय निकाय कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली। प्रदेश भर के नगरीय निकाय कर्मचारियों द्वारा नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में 28 सितंबर को संभागीय स्तर पर प्रदेश के पांचों संभागों में तथा जिला स्तर पर नगरीय निकाय कर्मचारियों ने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव, उपमुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री अरुण साव तथा मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो को ज्ञापन सौंपा।

जिले भर से पहुंचे नगरीय निकाय कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण की मांग शासन से की। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी व जिला अध्यक्ष देवेंद्र देवांगन ने बताया कि मांगों के संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 01 अक्टूबर को नगरीय निकायों के कर्मचारी काली पट्टी लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। इसके बाद आगामी 9 अक्टूबर को नया रायपुर के तूता में एक दिवसीय धरना आयोजित कर लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। इस अवसर पर मुकेश तिवारी, विद्यानंद यादव, देवेंद्र देवांगन, हिमांशु ब्रम्हभट्ट, विकास ठाकुर, अमित सोनी, यवन जोशी, गौरव गुप्ता, अरविंद मिश्रा, विकास साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राओं को दी गई कॅरियर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



विद्यार्थियों में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय स्थित डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय एवं एस.एन.जी. महाविद्यालय में स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्टार्टअप, नवाचार, उद्यमिता एवं स्वरोजगार की अवधारणा से परिचित कराया गया। उन्हें बताया गया कि नए और उपयोगी विचारों को योजनाबद्ध तरीके से विकसित कर व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है। विद्यार्थियों को अपने आसपास की स्थानीय समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान के लिए नए विचार विकसित करने तथा उन्हें नवाचार के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक किशोर राजपूत ने बताया कि विद्यार्थियों को नवाचार आधारित विचार विकसित करने, स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए नए एवं उपयोगी मॉडल तैयार करने तथा अपने विचारों को प्रतियोगिता के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय एवं एस.एन.जी. महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पेंशनधारी कल्याण संघ के संभाग स्तरीय विराट सम्मेलन

पेंशनरों का संभाग स्तरीय सम्मेलन, बुजुर्ग सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ जिला मुंगेली के सौजन्य से पेंशनरों का बिलासपुर संभाग के स्तर पर विराट सम्मेलन आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जांजगीर–चांपा, अकलतरा, रायगढ़, जशपुर, कोरबा, बिलासपुर, मुंगेली जिला, तहसील के करीब 500 पेंशनर सम्मिलित हुए। अवसर पर 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चूके पेंशनर साथियों का शाल, श्रीफल एवं मेमोंटो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बाल कलाकार तनिष्क वर्मा तथा मयंषी खंडेलवाल बिलासपुर जो कि छ.ग. रत्न से सम्मानित है ने गीतो की शानदार प्रस्तुति से आनंदायक समा बांधा।

समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से उद्बोधन देते हुए डॉ विनय कुमार पाठक, कुलपति भा. वे विद्यापीठ, गोपालगंज बिहार एवं छ.ग. राजभाषा आयोग अध्यक्ष ने पेंशनरों को संदेश दिया कि उन्हें अवसादों में न रहकर सदैव क्रियाशील रहना चाहिए। इसी प्रकार समारोह भूषण न्यायमूर्ति चंद्रभूषण बाजपेयी ने पेंशनरो के न्यायिक अधिकारो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित बीआर साव धर्मादा ट्रस्ट मुंगेली के अध्यक्ष डॉ विनय गुप्ता ने श्याम सदन के परिसर में अहाता निर्माण के लिए सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए। डॉ डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ ने जानकारी दी कि आठवें वेतन के लिए गठित समिति के समक्ष पेंशनरो के संबंध में विचार करने के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। इसलिए पेंशनरों को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। पूर्व आई एस एस अधिकारी रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि पेंशन अनुग्रह राशि नहीं है। श्रीकांत पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष तथा रामकमल सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत मुंगेली ने सुमधुर गीत प्रस्तुत करने के लिए बाल कलाकारों को नकद राशि देकर उत्साहवर्धन किया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला द्वारा मेमोंटो अपनी स्व. माता के नाम पर पेंशनरो को दिया गया। सुशीला पात्रे पेंशनर के द्वारा शॉल भेट किया गया। समारोह के प्रारंभ में सईद खान अध्यक्ष जिला शाखा मुंगेली छ.ग पेंशनधारी कल्यागण संघ के द्वारा स्वागत भाषण तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सईद खान ने सत्रह वर्षों से अध्यक्ष पद पर कार्य करते हुए एक आदर्श मिशाल पेश किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डी. सोलंकी, लववीर गुप्ता, प्रमोद पाठक, एच. आर. भास्कर, डी. डी. मानिकपुरी, किशन सिंह क्षत्रीय, बद्री तंबोली, ए.डी. मानिकपुरी, रामभजन देवांगन, विष्णु प्रसाद तिवारी, भैरव प्रसाद तिवारी, मनहर सिंह राजपूत, सुभाष चंद्र दीक्षित, जगदीश देवांगन, एम. एल. टंडन, अशोक तिवारी, बद्री प्रसाद वर्मा, वेदराम चतुर्वेदी, मनहरन राजपूत, ओम कोशले, प्रेमलाल यादव, नरेन्द्र वेंताल, आर. वी. जायसवाल, जीवन सिंह क्षत्रीय, डी. एस. राजपूत एवं विशेष रूप से कवर्धा से एस. एस. जैन आए। कोटा से सुरेश सिंह चौहान उपस्थित रहे। अशोक तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

गर्ल्स कालेज करही में लगा उद्यमिता जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय करही में स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए अपने नए विचारों को व्यवसायिक रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्टार्टअप, नवाचार, उद्यमिता एवं स्वरोजगार की अवधारणा तथा इन क्षेत्रें में आगे बढ़ने के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि स्थानीय स्तर की समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान के लिए नए एवं उपयोगी विचार विकसित किए जा सकते हैं और इन्हीं विचारों को आगे चलकर सफल व्यवसाय या स्टार्टअप का रूप दिया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपने आसपास की आवश्यकताओं और समस्याओं को अवसर के रूप में देखने तथा नवाचार आधारित समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं उद्यमिता से जुड़े अवसरों की जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि किसी भी नए व्यवसाय की शुरुआत के लिए केवल पूंजी ही नहीं, बल्कि नवीन सोच, समस्या की समझ, योजना बनाने की क्षमता और निरंतर प्रयास भी महत्वपूर्ण हैं।

खबर संक्षेप

जरहागांव के नए थानेदार ने संभाला पदभार

जरहागांव। जरहागांव थाना के नए थानेदार दिव्यकांत पांडेय ने पदभार संभालने के बाद क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकताओं



में शामिल किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र की परिस्थितियों को समझने और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में उन्होंने सक्रियता दिखाई है। श्री पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध और ऑनलाइन फ्रॉड तेजी से चुनौती बन रहे हैं। साइबर ठगी से बचाव के लिए पुलिस द्वारा केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई तक सीमित रहने के बजाय जन-जागरूकता को भी प्राथमिकता दी जाएगी। लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी, बैंकिंग फ्रॉड, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली ठगी के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि लोग स्वयं भी सतर्क रहकर साइबर अपराध का शिकार होने से बच सकें।

पूर्वजों की स्मृति में रोपे गए पीपल व बरगद के पौधे



तखतपुर। पितृपक्ष पर ग्राम अमोरा में पीपल एवं बरगद के पौधों का रोपण दिवंगत पूर्वजों की स्मृति में किया गया। तथा सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगवाए गए। नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि पूर्वजों के स्मृति में पौधरोपण का अभियान कई वर्षों से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम अमोरा गोथान में, चोवा, गजानंद, शंकर लाल, सुरेश कुमार डडसेना, नारायण प्रसाद पाली, जगगा दास, प्रकाश मानिकपुरी, मोहित धुरी एवं सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

झाफल के ग्रामीणों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



लोरमी। महाराणा प्रताप स्कूल झाफल में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सी.एस.राजपूत, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कमल सिंह राजपूत ,सहायक कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.राजपूत मुख्य लिपिक सुरेंद्र सिंह द्वारा सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता बनाए रखना , कचरा ना फेलने ,प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा अपने घर , विद्यालय और गांव को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

लगरा में आंगन मिलन कार्यक्रम संपन्न



लोरमी। ग्राम लगरा में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान आंगनबाड़ी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपस्थितजनों को दी गई। मुख्य अतिथि कंतनी चंद्राकर जनपद सभापति,ग्राम लगरा की सरपंच अंजनी देवी, मितानिन सत्या उपाध्याय, सुनील चंद्राकर एवं महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रतिभा मरकाम सेक्टर सुपरवाइजर मंदाकिनी पाण्डेय, अंजूलता चंद्राकर,रेखा सोनकर प्रेम लहरें कौशल्या मानिकपुरी, नीलू भास्कर, अंगीता सुनीता लहरें गिरीश राजपूत कीर्ति चंद्राकर रूखमणि पटेल,सरोज कुलमित्र ज्योति सोनकर कन्हैया चंद्राकर सहित ग्रामीणों, महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

130 छात्र छात्राओं का किया गया दंत परीक्षण



तखतपुर। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यिमक शाला बेलसरी के बच्चों का निःशुल्क दंत परीक्षण आरोग्य दंत चिकित्सकों के द्वारा किया गया। जिसमें 130 छात्र छात्राओं का परीक्षण किया गया। चिकित्सक डां कीर्ति हिमेत कारड़ा ने कहा कि हम दांतों की सफाई पर ज्यादा ध्यान नही देते है और जब ज्यादा बिमारी बढ़ जाती है तब ध्यान जाता है इस लिए हम सभी को प्रारंभ से ही अपने दांतों की सफाई करनी चाहिए। व्यक्ति को प्रतिदिन सुबह और भोजन के बाद जरूर दांतों की सफाई करनी चाहिए इसके साथ ही ब्रश का चुनाव करने पर भी विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। शिविर में बच्चों की दांतों की जांच की गई और निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर आर आर दुबे, अनिता जैन, राजीव कश्यप, भूपेंद्र कौशिक, निलीमा साहू, माहेश्वरी तिवारी, रामकृष्ण कश्यप, जितेंद्र खरे, रश्मि कौशिक उपस्थित रहे।

घुमंतू पशु फसलों को पहुंचा रहे नुकसान, ग्रामीणों ने दिया आवेदन



तखतपुर। घुमंतू पशुओं के द्वारा धान के फसल को नुकसान पहुंचाए जाने के मामले में पड़रिया के ग्रामीणों ने तहसीलदार को आवेदन दिया है और कार्रवाई की मांग की है। तहसीलदार को दिए आवेदन में ग्रामीण सरपंच दुर्गेश मरावी, उपसरपंच ओमप्रकाश निर्मलकर, संतोष पाल, लक्ष्मी पटेल, योगेंद्र मिश्रा, शैलेष पटेल, बसंत पाण्डेय संतोष दुबे, ओम पाण्डेय सहित अन्य ने कहा है कि ग्राम पड़रिया में लगभग 60 से अधिक आवारा पशु खेत में लगे धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे है ।

बारिश होते ही थम जाती है मोतिमपुर गांव की रफ्तार, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

बदहाल सड़क: खाट पर मरीज एवं डंडे के सहारे बाइक ले जाने मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

मुंगेली जिले के जरहागांव क्षेत्र से सामने आया एक वायरल वीडियो गांवों में विकास और बुनियादी सुविधाओं के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। खाम्ही कुर्मी पंचायत के आश्रित ग्राम मोतिमपुर में सड़क की बदहाली का ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बारिश के दिनों में ग्रामीण किस तरह की मुश्किलों से गुजर रहे हैं।

एक वीडियो में ग्रामीण मरीज को खाट पर लिटाकर कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्ते से बाहर ले जाते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरे वीडियो में कई लोग डंडे के सहारे बाइक उठाकर रास्ता पार करते नजर आ रहे हैं। सवाल सिर्फ एक सड़क के खराब होने का नहीं है। सवाल यह है कि जब सड़क किसी गांव के लोगों के लिए अस्पताल, स्कूल, बाजार और रोजमर्रा की जिंदगी तक पहुंचने का मुख्य माध्यम हो, तो उसकी बदहाली का खामियाजा आखिर ग्रामीण कब तक भुगतते रहेंगे?



दलदल से आवागमन प्रभावित: बारिश शुरू होते ही मोतिमपुर की सड़क की स्थिति ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन जाती है। सड़क के कई हिस्सों में गड्ढे और कीचड़ होने से सामान्य आवागमन प्रभावित होता है। ग्रामीणों के मुताबिक कई जगह स्थिति ऐसी हो जाती है कि पैदल निकलना तक मुश्किल हो जाता है। सबसे गंभीर स्थिति तब बनती है जब किसी व्यक्ति को अचानक चिकित्सा की जरूरत पड़ती है। सामान्य सड़क होती तो मरीज को वाहन से आसानी से बाहर ले जाया जा सकता था, लेकिन रास्ता खराब होने के कारण ग्रामीणों को मरीज को खाट पर लिटाकर कई लोगों की मदद से कीचड़ भरे रास्ते से बाहर ले जाने की मजबूरी का सामना करना पड़ता है।

स्थाई समाधान का इंतजार

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरिभूमि प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और सड़क की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान सड़क की समस्या और गंभीर हो जाती है। जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और दलदल के कारण आवाजाही मुश्किल हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रही परेशानी कोई एक दिन की घटना नहीं है। बारिश के मौसम में ऐसी परिस्थितियां बार-बार सामने आती हैं। ग्रामीणों के अनुसार समस्या से संबंधित शिकायतें और मांगें पहले भी की जाती रही हैं, लेकिन स्थायी समाधान का इंतजार अब भी जारी है।

बाइक भी नहीं चलती

मोतिमपुर की बदहाली की दूसरी तस्वीर और भी परेशान करने वाली है। वायरल वीडियो में चार-पांच लोग बाइक को डंडे के सहारे उठाकर ले जाते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक गांव से करीब दो किलोमीटर पहले सड़क की स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि बारिश के दौरान बाइक चलाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कई बार ग्रामीणों को बाइक को उठाकर खराब रास्ते से पार कराना पड़ता है।

स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

सड़क की बदहाली का असर केवल मरीजों और वाहन चालकों तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि खराब रास्ते के कारण स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती है। अत्यधिक बारिश के दौरान रास्ता खराब होने पर कई बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई लगातार और नियमित होनी चाहिए, लेकिन सड़क की स्थिति के कारण बारिश के दिनों में उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी

खराब सड़क की समस्या को संज्ञान में लिया गया है। संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सड़क की स्थिति का परीक्षण कर नियमानुसार समस्या के शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

-गोकुल राम रावटे
जिला पंचायत सीईओ, मुंगेली



खंडहर हो चुका भवन बना नशेड़ियों का अड्डा

लोरमी। ग्राम खपरीकला शासकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के नजदीक अधूरा पड़ा खाद्यान्न भवन असामाजिक तत्वों और नशेड़ियो का सुरक्षित अड्डा बनने का गम्भीर मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत संदीप कुम्भकार ने सीएम हेल्पलाइन में की है।

■ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत

सीएम हेल्पलाइन में संदीप कुम्भकार ने उल्लेख किया है, रात के समय ये नशेड़ी समूह बनाकर आगर नदी पर बने बड़े पुल के आसपास घूमते रहते हैं। वहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशान करते है, गालियां देकर अपमानित करते है। उनके अनुसार उक्त अधूरे पड़े खाद्यान्न भवन में दिन-रात असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। देर रात 1 से 2 बजे तक यहां बाहरी और स्थानीय युवकों का ग्रुप जमघट लगा रहता है। सुबह भवन परिसर और आसपास की जमीन पर डिस्पोजल गिलास, पानी के पाउच, सिगरेट के पैकेट टुकड़े, प्लास्टिक की थैलियां और नमकीन के रैपर भारी मात्रा में बिखरे पड़े मिलते हैं। ये दृश्य इस बात की सबूत है,की उक्त जगह नियमित रूप से नशेड़ियों के लिए एक सुरक्षित स्थान बनते जा रहा है, जो जांच का विषय है। इस भवन के नजदीक प्राथमिक शाला स्कूल भी है जिससे विपरीत असर पड़ने की सम्भवना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने मांग की है चिल्फी थाना पुलिस द्वारा रात में क्षेत्र और आगर नदी पुल के आसपास गश्त बढ़ाई जाए। अधूरे पड़े खाद्यान्न भवन को सुरक्षा की दृष्टि से सील किया जाए या उसका निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। अवैध कारोबारियों पर कड़ी एवं सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

मामला संज्ञान में

मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही कार्रवाई करवाकर रात्रि में गश्त बढ़ाई जाएगी।

-माधुरी धिरही
एसडीओपी

शौचालय मरम्मत के लिए 50 हजार स्वीकृत 5 महीने बाद शुरू नहीं हुआ निर्माण कार्य



लोरमी। ग्राम खपरिकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 282 बालक-बालिकाएं अध्ययनरत हैं। स्कूल में शौचालय मरम्मत के लिए 50 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। लेकिन 5 महीने बाद भी निर्माण कार्य शुरू नही हुआ है। शौचालय की जर्जर स्थिति और साफ-सफाई की भारी अनदेखी से 282 छात्र-छात्राएं परेशान है। स्कूल परिसर में छात्र एवं छात्राओं के लिए दो अलग-अलग दिशाओं में शौचालय बनाए गए हैं, लेकिन दोनों ही शौचालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। दीवारों की टाइल्स उखड़ चुकी हैं, दरवाजे टूटे पड़े हैं और फर्श पर गंदगी का आलम है। इस जर्जर हालत को शासन ने संज्ञान लेकर 6 माह पहले सम्बंधित पंचायत 50 हजार राशि स्वीकृत प्रदान किया गया। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि स्थानीय सरपंच को सूचित करने पर उन्होंने तीन से चार बार स्थल का नाप-जोख तो किया, लेकिन काम शुरू नहीं कराया। प्रारंभ नही होना जांच का विषय है। सम्बंधित इंजीनियर महेश तिवारी ने बताया कि कार्य प्रारंभ नही हुआ हुआ है, तो एक हफ्ते में कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

नौ माह बाद भी शुरू नहीं हो सका सीसी रोड का निर्माण

पथरिया। विकासखंड पथरिया के ग्राम पंचायत कंचनपुर में विधायक निधि से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण का मामला सामने आया है। ग्राम में सीसी रोड निर्माण के लिए 6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। जनपद पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए जनवरी 2026 में स्वीकृत राशि की 40 प्रतिशत यानी 2 लाख 40 हजार रुपये पंचायत को जारी किए गए थे। इसके बावजूद करीब नौ माह बीत जाने के बाद भी सीसी रोड का निर्माण शुरू नहीं कराया गया है।

निर्माण कार्य नहीं होने को लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद जनपद पंचायत स्तर से मामले में कार्रवाई शुरू की गई। जनपद पंचायत की ओर से शासकीय राशि की वसूली के लिए एसडीएम पथरिया को प्रतिवेदन भेजा गया। इसके आधार पर एसडीएम कार्यालय द्वारा संबंधित सरपंच को नोटिस जारी किया गया है। जनवरी 2026 में निर्माण कार्य के लिए राशि जारी होने के



बावजूद सितंबर तक सड़क निर्माण शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्य के लिए शासन से राशि स्वीकृत होने और उसका एक हिस्सा पंचायत को जारी किए जाने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं होना गंभीर विषय है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कर शासकीय राशि के उपयोग की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

प्रतिवेदन पर कार्रवाई

जनपद सीईओ से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर वसूली के लिए संबंधित धारा के तहत सरपंच को नोटिस दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रेखा चंद्रा, एसडीएम, पथरिया

शिक्षक ने न्योता भोज के जरिए बांटी खुशियां



सरगांव। शिक्षक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े संकुल समन्वयक/शिक्षक मोहन लहरी ने अपने जन्मदिन को अनूठे और सेवाभावी अंदाज में मनाते हुए शासकीय विद्यालयों के नन्हे-मुन्ने बच्चों को समर्पित किया। जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला धमनी, पूर्व माध्यमिक शाला धमनी, हाईस्कूल धमनी धमनी एवं समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के चार शालाओं के करीब 300 बच्चों के साथ भोजन का आनंद लिया। ।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धमनी की सरपंच रिंकी राज कौशिक, उपसरपंच एजाज खान, संकुल प्राचार्य डीके ठेठवार सहित व्याख्याता अजय कमल, प्रकाश मनहर, द्वारिका चतुर्वेदी, जानेश्वरी साहू, अच्छे राम नागेश, प्रधानपाठक राम सिंह ठाकुर, मनीषा दिवाकर, मोतीलाल अनंत, शमीम बानो, राधिका सोनी, रंजना सिंह ठाकुर, अशोक बरगाह, सीता साहू, नारायणी कश्यप, बलजीत सिंह कांत, प्रवीण कोशले, करुणा शुक्ला, जितेंद्र ठाकुर, शंभू ध्रुव, फरीद जिलानी, छन्नूराम भारद्वाज, रामखिलावन पैकरा एवं प्रदीप साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।

पार्षदों ने किया सीएचसी का निरीक्षण, बंद मिली मशीनें

कोटा। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगीरोड-कोटा की व्यवस्थाओं को लेकर लंबे समय से मिल रही शिकायतों ने गुरुवार को उस समय नया मोड़ ले लिया, जब स्थानीय भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने संयुक्त रूप से अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों के अचानक पहुंचते ही अस्पताल की व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल शुरू हुई और कई कमियां सामने आने का दावा किया गया।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले एक्स-रे मशीन के बंद होने का मामला सामने आया। बताया गया कि मशीन पिछले करीब एक सप्ताह से बंद पड़ी है। वहीं ब्लड बैंक की मशीन का अर्थिंग कनेक्शन करीब दो वर्षों से खराब होने की शिकायत भी सामने आई। ऐसे में मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली महत्वपूर्ण स्वास्थ्य



सेवाओं को लेकर सवाल खड़े हुए। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों की उपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। जनप्रतिनिधियों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 11 डॉक्टर पदस्थ हैं, लेकिन प्रतिदिन करीब तीन डॉक्टरों के ही ड्यूटी पर आने की शिकायत है। निरीक्षण के दौरान कोटा के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद वेंकट लाल अग्रवाल ने अस्पताल परिसर से ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मोबाइल पर चर्चा की। उन्होंने मंत्री को मौके की स्थिति और सामने आई कमियों से अवगत कराया। बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएचएमओ बिलासपुर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कमियों को तत्काल दूर कराने का आश्वासन दिया गया। औचक निरीक्षण के दौरान पार्षद जब्बार खान, उत्तम प्रजापति, अनिल साहू, देवेंद्र कौशिक, पार्वती योगेंद्र साहू तथा एल्डरमैन नंदलाल छत्री , कांग्रेस नेता प्रकाश जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अब देखना यह होगा कि जनप्रतिनिधियों के औचक निरीक्षण के बाद सामने आई इन शिकायतों पर स्वास्थ्य विभाग की जांच क्या तस्वीर सामने लाती है और अस्पताल की व्यवस्थाओं में कितना सुधार होता है।

सड़क की बदहाली से नाराज नगरवासियों ने पीडब्लूडी कार्यालय का किया घेराव

पेंड्रा। जिले में जर्जर सड़कों का मुद्दा अब सरकारी दफ्तर तक पहुंच गया है। नगर में सड़क की बदहाली से नाराज नगरवासियों ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता कार्यालय का घेराव कर सड़क की जल्द मरम्मत की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान और इकबाल सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शन में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने दुर्गा मंदिर पेंड्रा से सेमरा तिराहा तक की सड़क की स्थिति पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आरोप लगाया गया कि गड्ढों की मरम्मत के लिए मजबूत मटेरियल या डामर का इस्तेमाल करने के बजाय धूल और मिट्टी डालकर खानापूर्ति की जा रही है। इससे गड्ढे पूरी तरह बंद नहीं हो रहे और वाहनों के गुजरने पर सड़क पर धूल के गुबार उठ रहे हैं।



नवरात्रि में बढ़ेगी ट्रैफिक: प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नवरात्रि के दौरान इस मार्ग पर आवागमन बढ़ने की संभावना है, ऐसे में जर्जर सड़क लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग कर दी और प्रदर्शनकारियों को कार्यालय तक जाने से रोक दिया। इसके बाद कार्यपालन अभियंता नित्या ठाकुर से ऑनलाइन चर्चा कराई गई। चर्चा के दौरान कुछ बिंदुओं को लेकर प्रदर्शनकारी नाराज हुए और उन्होंने अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

भाषण एवं चित्रकला स्पर्धा में विद्यार्थियों ने कलात्मक रचनाओं से दिया संदेश



बिलासपुर। सेवा और संकल्प अभियान के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी मौलिक सोच, ओजस्वी विचारों और कलात्मक रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रहित, सामाजिक दायित्व और सेवा भाव का अनुपम परिचय दिया। प्रतियोगिता में चित्रकला स्पर्धा के अंतर्गत 42 तथा भाषण स्पर्धा में 30 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, सेना का शौर्य, नया कश्मीर, नक्सल मुक्त भारत, सपनों का भारत, विकसित भारत 2047, महिला सशक्तिकरण तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव जैसे प्रासंगिक एवं समसामयिक विषयों पर अपने प्रखर विचार और कलात्मक चित्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए 'सेवा और संकल्प अभियान' के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा, नैतिक मूल्यों और समाज निर्माण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट उपलब्धि का सम्मान

इस गरिमामय अवसर पर पौधरोपण के क्षेत्र में 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' दर्ज कराने वाले कलेश्वर साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. विश्वनाथ कश्यप (प्राचार्य, सेजेस तिफरा), जसपाल सिंह (प्राचार्य, डीपीएस बिल्हा) एवं सुनील पांडेय द्वारा किया गया। मंच का कुशल एवं प्रभावपूर्ण संचालन जय कौशिक ने किया । निर्णायक मंडल में केशव वर्मा, रजनी गंधा बेहार, डॉ. रश्मि द्विवेदी, रितु यादव, डेनिस विस्ले, अर्चना एवं सविता त्रिवेदी शामिल रहे।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, जिला पंचायत सभापति डॉ. गोविंद यादव, राजेन्द्र साहू, इंद्रजीत क्षत्री, कोमल ठाकुर, उमाशंकर कश्यप, बीईओ भूपेंद्र कौशिक, एबीओ मुकेश अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, सुनीता ध्रुव, यूआरसी वासुदेव पाण्डेय, देवी चन्द्राकार, सीएसी केशव वर्मा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, योगेश पांडे, तृप्ति एल्फ्रेंड, शैलेंद्र सिंह, अतिकांत राही वीरेंद्र यादव, ज्योति तिवारी, मनोज सिंह,सहित सैकड़ों शिक्षक, पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मना वृद्धजन दिवस



दगोरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मेडिकल आफिसर डा मंजुलता ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे अनुभव की धरोहर है। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस स्वस्थ बुढ़ापा सम्मान के साथ थीम 2026 गरिमा के साथ वृद्धावस्था स्वास्थ्य एवं सहयोग है। इसको ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है। बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता दिया जा रहा है। ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि हर छह महीने में बी पी शुगर, आँख, कान, नाक की जांच कराना जरूरी होता है। इस अवसर पर उपस्थित बुजुर्ग जन अभिवादन नमन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन आभार समाज सेवी दशरथ सन्नाट ने किया। इस अवसर पर उपस्थित बुजुर्ग जनों में दर्शन लाल कौशिक, मनहरण लाल, बजरहा निषाद, श्याम कौशिक, होरीलाल ध्रुव, सीताराम कौशिक, सावित्री बाई, बडाईकिन बाई, शांति बाई, दुर्गा कौशिक, रामलाल, राजकुमार, श्रवण कौशिक इत्यादि के साथ ही संस्था के स्टॉप प्रियंका लाशकर, सुमित्रा मसीह, प्रवीण दास, रवीना सोनवानी, संगीता गेडाम, नीतू ध्रुव, रोहित कौशिक, उमा मनहर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन ग्रामवासी जन उपस्थित थे।